

भारी बर्फबारी के बीच शिमला पहुंचे सैलानी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 359 पृष्ठ: 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## फरार चल रहे ईडी अधिकारी पर शिकायतकर्ताओं ने लगाए आरोप

**शिमला:** हिमाचल में फरार चल रहे एक ईडी अधिकारी पर शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाए हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शिमला में तैनात प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक विशालदीप द्वारा भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के आरोपों की एक बड़ी जांच शुरू की है। उन पर प्रवर्तन अधिकारियों के गिरोह के माध्यम से व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। विशालदीप ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ, कथित तौर पर झूठे घोटाले में फंसाए गए संस्थानों के मालिकों से 25 करोड़ की सामूहिक रिश्वत की मांग की।

## सीएम टायर्ड हैं और रिटायर्ड अधिकारी चला रहे सरकार: तेजस्वी यादव

**सीतामढ़ी:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या महागठबंधन में वापसी करने जा रहे हैं? यह सवाल इन दिनों प्रदेश के सियासी गलियारों में तैर रहा है। बीते कुछ समय से जोर पकड़ रही ऐसी चर्चाओं पर अब नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने इस पर अपना दो टूक जवाब दे दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों दिल्ली गए हुए हैं। तेजस्वी यादव ने इसके साथ ही बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन, उन पर लाठीचार्ज, परीक्षा रद्द कराने की मांग की।

# ...तो भाजपा युवाओं पर लाठीचार्ज करती है: कांग्रेस

- पटना की घटना पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, धांधली छिपाने की खातिर छात्रों पर यह लाठीचार्ज किया

**निंदा की**

**रविवार की रात पटना में छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज, कांग्रेस बोली- छात्रों का मनोबल तोड़ने की कोशिश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस** ने सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की। पार्टी ने कहा कि बल प्रयोग करके यह छात्रों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश है। कांग्रेस ने भाजपा पर देशभर में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का आरोप लगाया। यह भी कहा कि माफिया युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है। पार्टा का आरोप है कि पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज पेपर लीक और धांधली को छिपाने की खातिर की गई है।

**युवाओं को चुप कराने की कोशिश:** कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि जब धांधली का पता चलता है तो भाजपा बेशर्मी से इनकार करती है या युवाओं पर लाठीचार्ज करके उन्हें चुप कराने की कोशिश करती है।

**खरगे बोले- अमानवीय अत्याचार**

मल्लिकार्जुन खरगे ने लाठीचार्ज का एक वीडियो भी साझा किया। उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार ने पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए बिहार में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर क्रूर लाठीचार्ज और अमानवीय अत्याचार किया है। उनकी यह प्रतिक्रिया पटना में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के एक दिन बाद आई है।

**दावा- सात साल में 70 पेपर लीक**

खरगे ने आगे कहा कि युवाओं के खिलाफ तानाशाही का इस्तेमाल कर उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने भाजपा पर पूरे देश में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का आरोप लगाया।

## लाठीचार्ज पर भड़के प्रशांत किशोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** जनसुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार तेज तर्रार महिला आईपीएस अधिकारी व पटना सिटी की एसपी स्वीटी सहरावत को चेतावनी दे दी है। सिटी एसपी स्वीटी सहरावत ने नई-नई नौकरी शुरू की है। मेरा उनको एक सुझाव है कि पुलिस का काम लोगों की सुरक्षा करना है। लोगों डराना पुलिस का काम नहीं है। यह जो पिछले दो बार से लाठचार्ज हो रहा है और नया हीरो बनने की जो आप कोशिश रही हैं। कहीं ऐसा न हो की आपको ही खामियाजा भुगतना पड़े। इतना भी वर्दी का रौब मत दिखाइए कि सबकुछ उल्टा पड़ जाए। उनके आदेश पर ही छात्रों पर लाठियां बरसाई गई। हमलोग पटना सिटी एसपी के खिलाफ मानवाधिकार आयोग जाएंगे। हमलोग इनपर प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे। इनको कोर्ट में भी ले जाएंगे। एक-एक का हिसाब किया जा रहा है।



पंजाब में किसान व अन्य संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुबह राज्य व्यापी बंद किया, जिसका असर रेलवे पर देखने को मिला।

## पंजाब में सड़क व रेल मार्ग ठप, किसानों की अपील पर बंद का असर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब में किसान व अन्य संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुब राज्य व्यापी बंद शुरू हो गया है। राज्य के कई जिलों में बंद का काफी असर देखने को मिल रहा है। किसान फसलों प एमएसपी की गारंटी कानून समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसान संगठनों द्वारा अमृतसर-दिल्ली और जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर धरना शुरू कर दिया गया है। चंडीगढ़-दिल्ली मार्ग पर पंजाब के डेराबस्सी तथा हरियाणा के अंबाला से ही वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प करेगी सुक्खू सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और मशीनरी की खरीद पर लगभग 1,570 करोड़ रुपये की धन राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमारी जांच और उपचार के लिए प्रतिवर्ष 9.50 लाख मरीज प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। यह एक गम्भीर विषय है और वर्तमान प्रदेश सरकार मरीजों को सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने और उनके बहुमूल्य धन और समय की बचत के लिए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की अधोसंरचना को मजबूत करने पर प्राथमिकता से कार्य कर रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों को न्यूरोलॉजी, ओन्कोलॉजी, ऑर्थोपैडिक्स और अन्य विभागों में रॉबोटिक सर्जरी की सुविधा के साथ स्तरोन्नत किया जा रहा है। इससे चिकित्सकों का कार्यभार कम होगा और उपचाराधीन मरीज भी



**समीक्षा**

**उपचार के लिए मरीजों के प्रदेश के बाहर जाने से प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद में 1,350 करोड़ रुपये की हानि**

लाभान्वित होंगे। आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में अत्याधुनिक पैट स्कैन और एमआरआई मशीनें स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंसर केयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट आज करेगा डल्लेवाल के सेहत की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 35 दिन से जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं, इसकी समीक्षा 31 दिसंबर को की जाएगी। डल्लेवाल की सेहत मामले में यह जानना भी अहम है कि पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम ने 29 दिसंबर को 70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी। उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया। अधिकारियों ने डल्लेवाल से विरोध स्थल से हटने की अपील भी की, लेकिन उन्होंने

**सुनवाई**

**बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं**

अनशन खत्म करने से साफ इनकार कर दिया। अब इस मामले में बल प्रयोग की आशंका भी प्रकट की जा रही है। बता दें कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बड़ी संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में एकजुट हुए हैं।

## सीतारमण ने स्वास्थ्य प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राजधानी नई दिल?ली में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सीतारमण को कई सुझाव दिए। बैठक की अध?यक्षता करते हुए सीतारमण ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के



विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। बैठक में वित्त सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव सहित देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। बजट पूर्व परामर्श बैठक केंद्रीय बजट को आकार देने से जुड़ा आवश्यक कदम है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। इन बैठकों में मिले सुझावों से विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है।

## देश शोक मना रहा, राहुल नए साल का जश्न मनाने गए विदेश: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि जब देश पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तो लोकसभा में विपक्ष के नेता नए साल का जश्न मनाने के विदेश चले गए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने मनमोहन सिंह का अपमान किया है।

**'कांग्रेस को डॉ. मनमोहन सिंह की परवाह नहीं'**



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर लिखा, 'जब देश पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए विदेश जा रहे हैं। देश सात दिन के शोक में है। कांग्रेस को डॉ. मनमोहन सिंह की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने जीवनभर उनका अपमान किया और अब भी यही कर रहे हैं। कल कोई भी उनका अस्थि कलश लेने नहीं गया। जैसा कि ताजा खुलासों में सामने आया है कि कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने से भी इनकार किया। यही इनका असली चेहरा है।'

**आरोप**

**भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अपमान किया**

**'मुंबई हमले की रात पार्टी कर रहे थे राहुल गांधी'**

पूनावाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी के लिए 'पर्यटन' कोई नई बात नहीं है। मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के पद को 'पर्यटन नेता' और 'पार्टी नेता' में बदल दिया है। जब देश डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, राहुल गांधी पर्यटन और पार्टी के काम के लिए विदेश चले गए हैं, जैसा कि मीडिया में आ रही खबरों में कहा जा रहा है।



# शिमला में पेशाब जाने पर लगेगा यूजर चार्ज, नगर निगम के 30 शौचालयों में शुल्क वसूलने की तैयारी

**तैयारी**

**▶▶इस संबंध में नगर निगम आयुक्त स्थानीय लोगों के साथ दो बार बैठक भी कर चुके हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला**ः हिमाचल प्रदेश की जनता अभी टॉयलेट टैक्स को लेकर हुआ विवाद भूली नहीं है। इस बीच नगर निगम शिमला ने सार्वजनिक शौचालय का यूरिन के लिए इस्तेमाल करने पर पांच रुपए शुल्क लगाने की तैयारी कर ली है। नगर निगम शिमला की मासिक बैठक में इस पर चर्चा भी हुई। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त स्थानीय लोगों के साथ दो बार बैठक भी कर चुके हैं। नगर निगम शिमला के मेयर सुरेंद्र चौहान के मुताबिक, महिलाओं की तरह ही पुरुषों को भी यूरिन जाने के बाद पांच रुपए शुल्क चुकाना होगा। नगर निगम शिमला के तहत 130 शौचालय आते हैं। फिलहाल 25 से 30 शौचायलयों पर यूजर चार्ज लगाने की तैयारी की जा रही है।



नगर निगम शिमला के मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि यह टॉयलेट टैक्स नहीं है, बल्कि इसे मेंटेनेंस के लिए वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला सुलभ शौचालय को टॉयलेट की मेंटेनेंस के लिए पैसे देता है। मेंटेनेंस के लिए यह शुल्क लगाया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि महिलाओं के लिए भी यूरिन के लिए शौचालय का इस्तेमाल करना निःशुल्क है, लेकिन शौचालय में उनसे अवैध रूप से वसूली की जा रही थी। हिमाचल बीजेपी मीडिया प्रभारी करन नंदा ने कहा कि जहां नगर निगम शिमला को एक तरफ इस अवैध वसूली पर रोक लगाया जाना चाहिए था। उससे हटकर नगर निगम ने यह शुल्क पुरुषों पर भी लगाने की तैयारी कर दी है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर निगम शिमला की योजना है कि शहर के करीब 25 से 30 ऐसे सार्वजनिक शौचायलयों पर यूरिन शुल्क वसूला जाए, जहां लोगों की ज्यादा भीड़ होती है। यह शौचालय शिमला के मुख्य बाजार के आसपास हैं। इसके लिए नगर निगम शिमला स्थानीय दुकानदारों के कार्ड बनाएगा। इसमें दुकान मालिक के साथ वहां काम करने वालों के लिए यूरिन जाने पर कार्ड उपलब्ध होगा। इसके लिए 100 रुपए से 150 रुपए पर वसूले जाएंगे। वहीं, स्थानीय लोगों को से यूरिन जाने पर पांच रुपए वसूलने की तैयारी है। शौचायलयों के बाहर यूपीआई पेमेंट के लिए कर कोड भी लगाए जाएंगे। आने वाले दिनों में नगर निगम शिमला अपनी इस योजना को अमलीजामा पहनाने वाला है।

# जाईका वानिकी परियोजना के अधिकारियों ने की विधानसभा अध्यक्ष से भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला**ः आज अपराह्न 1 बजे जाईका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी, परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नन्द शर्मा तथा परियोजना के अन्य अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नव वर्ष 2025 का कैलेण्डर भेंट किया।

**भेंट**

**▶▶जाईका परियोजना के इन अधिकारियों ने विधान सभा अध्यक्ष को नव वर्ष की हार्दिक शुभ कामनाएँ भी दी।**

जाईका परियोजना के इन अधिकारियों ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां को नव वर्ष की हार्दिक शुभ कामनाएँ भी दी। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश सरकार की वन परिस्थितिकी तंत्र, प्रबन्धन और आजीविका में सुधार के लिए चलाई जा रही है तथा जापान व भारत सरकार के संयुक्त तत्वधान में यह परियोजना कार्य कर रही है। इस अवसर पर अधिकारियों ने परियोजना की गतिविधियों, कार्यप्रणाली तथा प्रदेश हित में इसकी महत्ता की भी विधान सभा अध्यक्ष को जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल सरकार ने तीन रुपए के हिसाब से शुरू की गोबर खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला**ः हिमाचल सरकार ने अपनी दस गारंटियों में से गोबर खरीद की गारंटी को पूरा करते हुए दस जिलों में गोबर खरीद शुरू कर दी है। 11 दिसंबर को सरकार के दो साल पूरा होने पर गोबर खरीद को हरी झंडी दिखाई थी। सरकार ने अभी तक 100 किसानों से 378 क्विंटल खाद खरीद ली है। किन्नौर और लाहौल स्पीति दो कबायली जिलों को छोडकर दस जिलों में खाद खरीद शुरू कर दी है। ये जानकारी कृषि मंत्री ने दी है। उन्होंने कहा कि पांच और दस किलो के पैकेट में गोबर खरीद की जा रही है। ठेकेदार को पांच रुपए किलो के हिसाब से एकत्रित करने और ट्रांस्पोर्ट के दिए जा रहे हैं। आगे सरकार इसको 11 से12 रुपए किलो के हिसाब से बेचेगी। हालांकि सरकार ने दो रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीद की गारंटी दी थी। अब तीन किलो के हिसाब से खरीदे रहें हैं। लेकिन किसान अब 5 से आठ रुपए किलो के हिसाब गोबर बेचने की बात कह रहे हैं। यदि गोबर खरीद का अच्छा रिस्पॉन्स रहा तो रेट बढ़ाने के बारे में सोचेंगे।

### बारिश व बर्फबारी के कारण बंद अधिकांश सडकों पर यातायात बहाल- उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी**ः उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि मंडी जिला में बर्फबारी के कारण बंद अधिकांश सडकों पर यातायात बहाल कर दिया गया है। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल करने पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में पिछले दो से तीन दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात तथा निचले इलाकों में बारिश हुई है। इससे कुछेक क्षेत्रों में भूस्खलन इत्यादि से सडकें बंद होने कारण यातायात बाधित हुआ है। इनमें से अधिकांश को फिर से बहाल कर दिया गया है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार लोक निर्माण विभाग के सिराज, थलौट व सदर मंडी मंडल में ही एक-एक सडक मार्ग बाधित है। उन्होंने कहा कि जिला में बारिश व बर्फबारी से पिछले चौबीस घंटों में लोक निर्माण विभाग को लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। हालांकि अक्तूबर से अभी तक लोक निर्माण विभाग को करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। इसके अतिरिक्त जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 10 स्थानों में विद्युत ट्रांसफार्मर अथवा बिजली आपूर्ति की लाईन में खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा आई है। इन सभी क्षेत्रों में बिजली बोर्ड के माध्यम से आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने कहा कि सर्दियों के मौसम में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत सभी लाइन डिपार्टमेंट अलर्ट पर हैं। विशेषतौर पर भारी बर्फबारी वाले क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थानीय प्रशासन व संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य कर रहा है। उपमंडल स्तर पर भी नियंत्रण केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से समय-समय पर मौसम संबंधी चेतावनी एवं परामर्श भी जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि खराब मौसम की स्थिति में आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें। बारिश इत्यादि के दौरान विशेषतौर पर भूस्खलन संभावित सडकों पर सफर से परहेज करें। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू करने सहित विभिन्न बहाली कार्यों में संलग्न कर्मचारियों को सहयोग करें और समय-समय पर जारी परामर्श व निदेशों का भी अनुपालन करें।

# जोगिंद्रनगर पुलिस ने ड्रग तस्करी में चार लोगों को लिया हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**



**जोगिंद्रनगर** : जोगिंद्रनगर पुलिस द्वारा आज एन एच गलू में नाकाबन्दी के दौरान 336 ग्राम चरस बरामद कर चार व्यक्तियों को मोके से गिरफ्तार किया गया। स्पेक्टर सकिनी कपूर के मार्गदर्शन में एएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुम्मा से जोगिंदर नगर की ओर जा रही एक मारुति 800 कार ( ॥क्क 28क्क-8388) को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर चरस युक्त कैरी बैग बरामद किया जिसमें 336 ग्राम चरस्ती गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में धनी राम गाँव रोपा पधर डाक घर गुमा, राजेश कुमार (ग्राम ओरनी, डाकघर गुम्मा) कमलेश, रोपा पधर व अरुण ग्राम जागरूक, डाकघर हरबाग। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है यह जानकारी थाना प्रभारी जोगिंदर नगर सकिनी कपूर ने दी ।

# डीएवी सीपीएस, मंडी में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी**ः जिला मंडी के डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में चल रहे दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। नेल्सन मंडेला के अनुसार, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। डीएवी सीपीएस, मंडी में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का दूसरा दिन शिक्षण अधिगम को सार्थक तरीके से सीखने और हर पहलू पर चिंतन करने के साथ संपन्न हुआ। इस दिन प्रारंभिक सत्र का नेतृत्व श्री दिव्यांशु शंगारी और श्री गौरव ओबरॉय ने किया। दोनों विशेषज्ञों ने छात्रों की वर्तमान मानसिक स्थिति और संज्ञानात्मक सेट-अप को संबोधित करने के लिए रणनीतिक प्रबंधन उपकरणों पर अध्यापकों का ध्यान केंद्रित किया। उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण ने प्रतिभागी अध्यापकों को छात्रों को प्रभावी ढंग से समझने और मार्गदर्शन करने के लिए अभिप्रेरित करते हुए अनेक तकनीकों से अवगत करवाया। यह कार्यशाला पर्यवेक्षक प्रधानाचार्यों द्वारा साझा की गई मूल्यवान अंतर्दृष्टि और प्रतिभागी अध्यापकों से रचनात्मक प्रतिक्रिया के उत्तम प्रदर्शन के साथ समाप्त हुई, उन्होंने कार्यशाला की प्रासगिकता और प्रभाव की सराहना की। कार्यशाला के समापन के उपलक्ष में संगीत अध्यापकों द्वारा मनमोहक गीतों का प्रदर्शन कर कार्यक्रम को और अधिक उत्साहित और खुशनुमा बना दिया, जिससे यह दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सफल और यादगार रही। क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी एचपी जोन सी व प्रधानाचार्य के एस गुलेरिया ने प्रतिभागी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दो दिनों में जो आप यहां से सीख कर जा रहे हैं, इन सभी तकनीकों को अपने शिक्षण अधिगम का हिस्सा बनाएगे और अपने कर्तव्य का वहन करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों की ओर ले जाने में उनका साथ देंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम और वी वी पैट भंडार कक्ष का निरीक्षण किया

**निरीक्षण**

**▶▶ उपायुक्त ने ई वी एम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था का ब्यौरा प्राप्त किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी**ः जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वी वी पैट के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया । उन्होंने यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने ई वी एम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सेवाओं का ब्यौरा प्राप्त किया और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से संजय शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि करणवीर सिंह कौंडल, निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### संजौली का सरस्वती पैराडाइज स्कूल से प्रिंटिंग प्रेस संपर्क मार्ग हुआ वन वे

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला**ःजिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने अधिसूचना जारी कर बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, संजौली शिमला के संपर्क मार्ग सरस्वती पैराडाइज स्कूल के पास वर्षा शालिका से बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय-हिमालयन मोटो क्वेस्ट-आरकेएम एंटरप्राइजेज-पतंजलि आउटलेट-ठाकुर किराना स्टोर से चिल्ड्रन पार्क के नजदीक प्रिंटिंग प्रेस की ओर जाने वाली सडक पर यातायात को वन वे वामावर्त (एंटी क्लॉक वाइज) किया गया है।

# जल बहाव सिंचाई योजना कृषक विकास संगठन अपर सेऊबाग के सदस्यों की उपस्थिति में ठेकेदार को सौंपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो, कुल्लू द्वारा जल बहाव सिंचाई योजना अपर सेऊबाग निर्माण हेतु ठेकेदार को कृषक विकास संगठन अपर सेऊबाग के सदस्यों की उपस्थिति में सौंपी गई। ठेकेदार ने योजना निर्माण अनुसूची कृषक विकास संगठन अपर सेऊबाग की उपस्थिति में खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से खण्ड परियोजना प्रबंधक डाक्टर गोपाल भारद्वाज, निर्माण अभियंता भरत भूषण तथा कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह तथा को सौंपी तथा ठेकेदार ने खण्ड परियोजना प्रबंधक, निर्माण अभियंता, कनिष्ठ अभियंता तथा कृषक विकास संगठन को आश्वस्त किया कि योजना का निर्माण कार्य दी गई अनुसूची के अनुसार तय समय पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। इस उपलक्ष में कृषक विकास संगठन के प्रधान प्रेम चंद, सचिव बँटी व कमल चंद मौजूद रहे द्व फसल विविधीकरण परियोजना, कृषि के क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से फसल विविधीकरण, लघु सिंचाई सुविधाओं के विकास और सुधार, डेयरी, मधुमखी पालन, शीटाके मशरूम की खेती के माध्यम से आजीविका में सुधार, किसानों का सिंचाई एवं बाजार आधारित फसलोंत्पादन में क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। परियोजना में कुल्लू तथा लाहौल में अब तक कुल मिलाकर 21 उप-परियोजनाओं का चयन किया गया है, जिसमें लघु सिंचाई विकास से किसानों के खेतों तक नियमित रूप से सिंचाई सुनिश्चित करवाना, कृषि प्रसार व विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना, मूल्य शृंखला प्रबंधन व कृषि विपणन और संस्थागत विकास के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

# भोटा स्कूल में बताए नशे के दुष्प्रभाव, कानूनी जानकारियां भी दीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुर**ः बच्चों को मानवाधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं, नशे की समस्या, एनडीपीएस एक्ट और अन्य महत्वपूर्ण अधिनियमों, नशे के पीड़ितों को कानूनी सहायता, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने कहा कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के लिए नालसा ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इनमें मुफ्त कानूनी सहायता योजना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग, आपदा पीड़ित, अत्याचार पीड़ित, श्रमिक, किन्नर, कैदी और सालाना 3 लाख रुपये से कम आय वाले सभी वर्गों के लोग मुफ्त कानूनी सहायता योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। किसी भी न्यायालय परिसर में स्थापित फ्रंट आफिस में जाकर पात्र लोग मुफ्त कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशे के जाल में फंसे लोगों, तेजाब हमलों और अन्य अत्याचारों से पीड़ित लोगों के लिए भी मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान है।कुलदीप शर्मा ने बताया कि किशोरावस्था एवं युवावस्था में नशे के जाल में फंसने की आशंका ज्यादा रहती है।

# पड्डल में देवताओं के बैठने की व्यवस्था ठीक की जाए : शिवपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी**ः सर्व देवता सेवा समिति की साधारण सभा की बैठक संस्कृति सदन में प्रधान शिवपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसने निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई । बैठक मैं देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी सदस्यों ने मांग की कि पड्डल में देवताओं के बैठने की व्यवस्था ठीक की जाए । पोढियों पर जो देवी देवता बैठते है उस स्थान को पक्का किया जाए जो गत वर्ष देवताओं को बैठाने के लिए लकड़ी के तख्ते जोड़े हुए थे उसमें देवी देवताओं के गिरने का डर रहता है इसलिए उस स्थान को पक्का किया जाए ताकि देवी देवताओं को बैठने मैं सुविधा हो सके द्य इसके अतिरिक्त सभी कारदारों ने सरकार / प्रशाशन से मांग रखी कि सदियों से चले आ रहे धार्मिक उत्सव पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहेंगे इसलिए अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेला को देखने के लिए देश विदेश से लोग आते है और ऐसे उत्सवों को देख कर देव संस्कृति ही जीवित रहती है इसलिए पड्डल मैं देवी देवताओं को बैठने के लिए स्थाई स्थान चिन्हित किया जाए जिसे आने वाली पीढ़ी को भी अपनी ऐतिहासिक धरोहर याद रहे और उसका निर्वहन कर सके। बैठक मैं सभी सदस्यों ने मांग रखी कि जो पिछली शिवरात्रि मैं पड्डल मैं जहां देवता बैठते है वहा पर जो मैटिंग की गई थी वैसी ही इस बार भी की जाए। इस बैठक में राजू राम, तीर्थ राज, गोबिंद राम, काहन सिंह उप प्रधान दिनेश शर्मा महासचिव सुरेन्द्र गुलेरिया सचिव भीम चन्द सरोच मुख्य सलाहकार रेवती राम, युद्ध कुमार,वेद राम सलाहकार मनोज कुमार प्रेस सचिव हुकम चन्द संगठन सचिव भक्त राम, बाले राम, खीमा राम, नेसर सिंह, महेश ठाकुर, महेंद्र सिंह, छीन्जू राम, आदि आदि ने भाग लिया।

# कुफरी में स्नो बूट बदलने पर विवाद, चाकू मारकर तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला**ः कुफरी में रविवार को स्नो बूट बदलने को लेकर पर्यटकों और स्थानीय दुकानदारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि यह हाथापाई में बदल गया। मामले ने और गंभीर रूप ले लिया जब पर्यटकों ने चाकू से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला भेजा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को कस्टडी में ले लिया और उनसे पूछताछ जारी है।

पंजाब के पर्यटकों पर हमले का आरोप

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि चारों पर्यटक पंजाब से शिमला के कुफरी घूमने आए थे। स्थानीय दुकान पर उन्होंने स्नो बूट किराए पर लेने के दौरान दुकानदार से कहासुनी शुरू कर दी। यह विवाद बढकर हाथापाई में बदल गया, जिसके बाद पर्यटकों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में स्थानीय दुकानदार जगदीश शर्मा, शेखर शर्मा और निखिल सिंगटा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मामले की जांच ढली पुलिस कर रही है।

# एबीवीपी ने प्रवेश प्रक्रिया को लेकर एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रवेश प्रकिया में गड़बड़ी पर जांच कमेटी बनाने की उठाई मांग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**


**ऊना:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऊना इकाई द्वारा बीबीए और बीसीए प्रवेश प्रक्रिया की जांच के लिए जांच कमेटी बनाने की मांग उठाई गई है। जिसे लेकर एबीवीपवी के सदस्यों ने सोमवार अतिरिक्त उपायुक्त जिला ऊना को ज्ञापन सौंपा। ईकाई के अध्यक्ष इशांत रायजादा ने कहा कि महाविद्यालय में बीबीए और बीसीए की प्रवेश प्रकिया में गड़बड़ी हुई है। जिसकी जांच के लिए एक जांच कमेटी का गठन किया जाए। इशांत रायजादा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले पांच महीनों से महाविद्यालय प्रबंधन पर बीबीए और बीसीए की प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगा रही है।

लेकिन शिक्षा विभाग चैन की नींद सोया हुआ है। वहीं ऊना महाविद्यालय प्राचार्य व प्रबंधन भी घोटालों पर मौन है। उन्होंने कहा कि पहले तो प्राचार्य व महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थी परिषद द्वारा दायर की गई आरटीआई का पांच माह तक जवाब नहीं दिया गया। बाद में जब आरटीआई का जवाब मिलता है, तो कॉलेज प्राचार्या से बातचीत करने का प्रयास किया तो बात को यह बोल कर टाल दिया जाता है कि इसमें कोई घोटाला नहीं है। वहीं इकाई मंत्री सूर्य शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद लँबे समय से इस आंदोलन को लड़ रही है। अब ये लड़ाई अंतिम दौर तक आ गई है। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा किया गया शैक्षणिक भ्रष्टाचार जग जाहिर हो गया है कि किस तरह पात्र छात्रों का हक डकार कर महाविद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य द्वारा अपने चेहतों को प्रवेश देने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्राचार्य को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। क्योंकि उनके द्वारा किया गया शैक्षणिक भ्रष्टाचार छात्रों व समाज के बीच आ गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ऊना ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इस सारे मामले की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन किया जाएगा।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का प्रवास कार्यक्रम जारी

**शुभारंभ**

**2 जनवरी को सिहुन्ता पुलिस स्टेशन और उप मंडलीय पुलिस कार्यालय चुवाड़ी का करेंगे शुभारंभ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा :**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भटियात विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के लिए 31 दिसंबर को सांय सिहुन्ता पहुंचेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 1 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी के भवन निर्माण की आधारशिला रखने के पश्चात जनसभा को संबोधित करेंगे । उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे सिहुन्ता में पुलिस स्टेशन का शुभारंभ करने के पश्चात दोपहर 2 बजे चुवाड़ी में उप मंडलीय पुलिस कार्यालय का भी शुभारंभ करेंगे । विधानसभा अध्यक्ष 3 जनवरी को सुबह 11:30 बजे बनेट-मोरठु खड्ड संपर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगे। वह इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे संपर्क मार्ग से सेराला दा बासा गांव के संपर्क मार्ग का शिलान्यास तथा दोपहर बाद 3:30 बजे संपर्क मार्ग से गाँव सामु के लिए संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 4 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे हिमालयन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 5 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे अपर बकाण गांव के लिए संपर्क मार्ग का शिलान्यास करेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 6 जनवरी को सिहुन्ता से शिमला के लिए रवाना होंगे।

**न्यूज फ्लैश**

## वरिष्ठ नागरिकों और लाहौल एवं स्पीति के सेवारत कर्मचारियों के लिए आउटडोर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** लासेवा सोसाइटी ने वरिष्ठ नागरिकों और सेवरत कर्मचारियों के लिए एक जीवंत आउटडोर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें लगभग 70-80जोशीले प्रतिभागियों ने फिटनेस, मेलजोल और सक्रिय जीवन शैली का जश्न मनाया। यह आयोजन एसएसबी ग्राउंड शमशी की सुरम्य पृष्ठभूमि में हुआ, जहाँ वरिष्ठ नागरिकों सहित सेवारत कर्मचारीयों को अपनी उत्साह और जीवंतता प्रदर्शित करने का प्रेरणादायक मंच प्रदान किया गया। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की क्षमताओं के अनुसार क्रिकेट, वॉलीबॉल, शॉट पुट, रस्साकशी और मजेदार टीम-बिल्डिंग चुनौतियों जैसे विभिन्न खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित आनंद और प्रतिस्पर्धी भावना थी, जिन्होंने यह साबित किया कि सक्रिय और जुड़ा रहने के लिए उम्र केवल एक संख्या है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, चेतन, एसएसबी के सेवानिवृत्त कमांडेंट, ने इस पहल की सराहना की और शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह खेल प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है; यह समुदाय की भावना को बढ़ावा देने और हर आयु वर्ग के लिए सक्रिय जीवन शैली के महत्व की याद दिलाने के बारे में है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राएँ और सेवारत कर्मचारी भी उपस्थित रहे। लासेवा सोसाइटी के अध्यक्ष, श्री शमशेर, और महासचिव, श्री नवाँग ताम्बा, ने प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और प्रायोजकों का धन्यवाद करते हुए कहा, यह खेल प्रतियोगिता हमारे इस संकल्प को दशार्ती है कि हम वरिष्ठ नागरिकों ऐवम सेवारत कर्मचारियों को स्वस्थ और संतोषजनक जीवन जीने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करना चाहते हैं। लासेवा सोसाइटी वरिष्ठ नागरिकों की भलाई और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है और सामुदायिक केंद्रित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

## बरोहा से कोहिना सडक 27 जनवरी तक रहेगी बंद: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला बिलासपुर के अंतर्गत आने वाली बरोहा से कोहिना सडक पर निर्माण कार्य के सुचारू संचालन हेतु सडक को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। यह निर्णय लोक निर्माण विभाग झंडूत्ता डिवीजन के अधिशासी अभियंता के अनुरोध पर लिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर अबिद हुसैन सादिक ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 27 जनवरी 2025 तक सडक बंद करने और यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट करने की अनुमति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि सडक बंद अवधि के दौरानए यातायात को स्लैब कनवर्ट गेहड़वीं से टिहीरी.पंजीण.रच्छेड़ा रोड़ के माध्यम से डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि जनता की सुविधा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात के लिए दिए गए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

## श्री नयना देवी जी मे नववर्ष आगमन के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में नव वर्ष मेला के दौरान इस बार भी लाखों श्रद्धालु के दर्शनार्थ पहुंचने की उम्मीद है। 1 जनवरी तक यह मेला चलेगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु माताजी के दर्शन करके अपने नववर्ष का शुभारंभ करेंगे। माता श्री नयना देवी जी दरबार में नववर्ष मेले के दौरान जहां पर मंदिर को रंग.बिरंगे फूलों लाइटों और लडि?ों से सजया जा रहा हैं, इसमें विदेशी फूल भी मंगवाये गए हैं। आज से होमगार्ड, पुलिसकर्मी, महिला पुलिसकर्मी और सादा वर्दी में भी पुलिस कर्मी मंदिर के आसपास के



तैनात किए गए हैं। 400 के करीब होमगार्ड पुलिस, मंदिर के सुरक्षाकर्मी, एक्स सर्विसमैन तैनात रहेंगे। कानून व्यवस्था के तहत मंदिर मे कड़ाह प्रसाद, नारियल चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया हैं। पंजाब हिमाचल हरियाणा और दिल्ली और अन्य प्रदेशों से 31 दिसंबर और 1 जनवरी को 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु माता जी के दर्शन पूजा अर्चना करके अपने नव वर्ष का शुभारंभ करेंगे।

## बैरी दडोलां में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से ग्राम पंचायत बैहना जट्टां के गांव बैरी दडोलां में डॉ. भीमराव अंबेडकर युवक मंडल के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा गुरुकुल तकनीकी संस्थान बिलासपुर में नशा और मादक द्रव्यों के सेवन पर जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में गुरुकुल तकनीकी संस्थान की आईटी शिक्षिका हेम लता ने युवाओं को संबोधित करते हुए मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से




प्रभावित करता है और यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने नशीले पदार्थों जैसे शराब, सिगरेट, गांजा, हेरोइनए और गुटखा के खतरों पर विस्तार से चर्चा की। युवक मंडल के प्रधान मुनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज और परिवार के लिए अभिशाप है। यह युवा पीढ़ी को बर्बाद कर देता है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने और नशे की रोकथाम के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी नशे से बचने और इसे रोकने के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में प्रधान मुनीष कुमार, उपप्रधान सोनू डोगरा, सचिव पलक, कोषाध्यक्ष स्नेहा, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अनमोल कुमार, हरि ओम, नवीन, गुरुप्रीत, मनोज कुमार, विनय, प्रिंस, रॉबिन चंदेल, नितिन और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 4 जनवरी को भुंतर में किसानों के लिए होगा एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन

**कार्यशाला**

**मनोज कुमार ने घाटी के समस्त किसान-बागवानों से इस कार्यशाला में सम्मिलित होने की अपील की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** टेक्नोकृषि मोंटानुस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किसान-बागवानों केलिए 4 जनवरी को भुंतर में एक दिवसीय कृषि अपडेट क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा महत्तवूपर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी टेक्नोकृषि मोंटानुस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनोज कुमार ने दी। कार्यशाला के संदर्भ में संयोजक मनोज कुमार ने बताया कि प्रमुख प्रशिक्षण के विषय- 'पहाड़ों के लिए सेब एवं गुठलीदार फलों की लाभदायक प्रजातियाँइ, 'फलों की फसलों में जड़ सड? का प्रबंधनइ, 'पर्वतीय क्षेत्रों में सतत जल प्रबंधनइ, 'कृषिअपडेट डिजिटल कृषि मॉडल के साथ उद्यमिता के रास्तेइ हैं। उन्होंने बताया कि सभी विषयों पर विशेषज्ञ किसान-बागवानों से रु-ब-रु होंगे, जिनमें डॉ. जयंत शर्मा द्वारा 'प्रोमिजिग वैराइटिज ऑफ एप्पल एण्ड स्टोन फ्रूट्स फॉर मॉउटेंन्सइ, डॉ. किशोर खोसला द्वारा 'मनैजमेंट ऑफ रूट इन फ्रूट क्रोपइ, इंनीजियर वरुण मिश्रा द्वारा 'सस्टेनेवल वॉटर मनैजमेंट फॉर फार्मिंगइ तथा हितुल अवस्थी द्वारा 'एंटरप्रेनीशिप एविन्यू थ्रू कृषि अपडेट्स डिजिटल एग्रीकल्चर मॉडलइ पर वक्तव्य देंगे। मनोज कुमार ने घाटी के समस्त किसान-बागवानों से इस कार्यशाला में सम्मिलित होने की अपील की है ताकि वे सीधे तौर पर विशषज्ञों से संवाद कर सकें।

## 31 को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधितः चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः**

सहायक अभियंता विधुत उप.मण्डल-2 रविन्द्र चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर 2024 को पेड़ो की कांटछांट व लाईनों की आवश्यक मुरम्मत हेतु, ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बैरी, बैहना जट्टां, कल्लर व डीहर में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

Tel. No. 01799-221023
e-mail ee-raj-hp@nic.in

**e-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The **Executive Engineer HPPWD Rajgarh Distt Sirmour H.P** on behalf of Governor of H.P invites percentage rate, bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractor/Firms registered with HPPWD for the works as detailed in the tables.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs) | Starting date for downloading Bid | Earnest money | Deadline for submission bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Retaining wall at Govt. Sen. Sec. School at Bhanog Tehsil Rajgarh Distt. Sirmour H.P. | 4,96,930/- | 28.12.2024 | 10,000/- | 06.01.2025 |

The Bidders are advised to note other details for tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer
HPPWD Division Rajgarh
Distt Sirmour HP
on behalf of Governor of Himachal Pradesh
RO No. 4196/2024-2025

E-procurement Notice

HIMACHAL PRADESH

PUBLIC WORKS DEPARTMENT.
INVITATION FORM BIDS (IFB)

The Executive Engineer HP.PWD, Division Sarahan District Sirmour H.P on behalf of the Governor of H.P invites percentage bids, in electronic tendering system in 2 Cover System for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

| S.N | Name of work | Estimated cost (Rs) | Earnest money | Cost of Tender Form | Time Limit | Eligible class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A/R & M/O Naragwasni Dinger road Km 0/0 ton 17/600 (SH:- C/O PCC R/wall in Km 13/775 to 13/799) | 478074 | 10000 | 350 | 03 Month | D |
| 2 | R/R damages on Sikken Dinger Bhagyanghat road Km 0/0 tom 9/330 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 8/160 to 8/175) | 446586 | 10000 | 350 | 03 Month | D |
| 3 | C/O DalagKaGhat Sher Shog road Km 0/0 to 9/375 (SH:- Formation cutting in KM 9/030 to 9/375 | 471684 | 10000 | 350 | 03 Month | D |
| 4 | A/R & M/O Prem Nagar ChandogGirdhSandrol road Km 0/0 to 15/0 (SH:- C/O 900 mm dia HPC alongwith wing wall at Rd 5/630) | 320111 | 6000 | 350 | 03 Month | D |
| 5 | C/O link road to DaroDevriya to Khaldana Km 0/0 to 0/565 (SH;- C/O PCC R/wall at RD 0/142 to 1/146.30 & 0/159.50 to 0/172.20) | 438592 | 10000 | 350 | 03 Month | D |
| 6 | R/R damages on MachherJabiyanaWasni road Km 0/0 to 9/00 (SH:- C/O PCC R/wall at RD 0/828 to 0/840 and 0/410 to 0/423) | 498242 | 10000 | 350 | 03 Month | D |

**Terms and conditions of IFB**

Availability of Bid Document and mode of submission: The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in as per the key dates below:-

**Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Online Publication | 27-12-202411:30 A.M |
| 2. | Document Download Start and End Date | 27-12-202412:30 P.M<br>06-01-202511.30 A.M |
| 3. | Bid Submission Start and End Date | 27-12-2024 02.30P.M<br>06-01-2024 11.00A.M |
| 4. | Date of Technical Bid opening, Evaluation of Technical Bid followed by Opening of Financial Bid. | 06-01-2025 11.30 A.M |

**TENDER DETAILS:**

1. The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Cover:
2. **Cover 1**: shall contain scanned copies of all "**Technical Documents/Eligibility Information**".
3. **Cover2**: shall contain "**BOQ/Financial Bid**", where contractor will offer his percentage rate.
4. PAYMENT OF TENDER FEE & EMD: The bidders are required to pay (a) the Tender Fee and (b) the Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) through Online Mode on website https://hptenders.gov.inthe receipt by comparing e-procurement (MIS) with e-Kosh and obtain MIS report of the receipt/screenshot of tender fee and EMD may be uploaded.
5. BID OPENING DETAILS: The bids shall be opened on **06-01-2025at 11:30** HRS in the office **Executive Engineer HPPWD Sarahan DisttSirmour H.P**.
6. The Executive Engineer HP.PWD Division Sarahan reserves the right to reject or cancel any or all the tenders without assigning any reasons.

Executive Engineer,
Sarahan B&R Division;
HPPWD; Sarahan

RO No. 4195/2024-2025

## कुराश प्रतियोगिता के लिए तानिया का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की नौवीं कक्षा की छात्रा तानिया सैनी ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब वह छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।




विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सैनी ने तानिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तानिया की यह उपलब्धि न केवल उसके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। वहीं तानिया की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी और क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# घुमारवीं में पंच परिवर्तन में नागरिक कर्तव्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः**

घुमारवीं में आयोजित संगोष्ठी में पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य पर जिला भर से आये 225 विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रांत कार्यवाह डॉक्टर किस्मत कुमार ने कहा कि भारत का चिंतन विश्व मे श्रेष्ठतम चिंतन है, जो प्रकृति आधारित जीवन शैली, परिवार व्यवस्था में सामूहिक जीवन जीने का संस्कार और अपनत्व का भाव सहित देने का संस्कार विकसित करता है।



आजादी के 75 वर्षों बाद पंच परिवर्तन पर गोष्ठी, सेमिनार हो रहे हैं क्योंकि आज तक केवल अधिकारों की बात तो देश में खूब हुई, पर अपने संविधान मे 11 वर्णित कर्तव्यों को नागरिकों ने गौंण मान लिया गया। जबकि अधिकार और कर्तव्य अलग नहीं है, अधिकार उसी के होते है जो देश की व्यवस्था को उत्कृष्ट, उन्नत करने को अपना धर्म मानता हो और उसके लिए काम भी करे तभी अधिकारों का संरक्षण होता है।

समानता और स्वतंत्रता अगर मौलिक अधिकार है तो समाज में किसी प्रकार का जाति, लिंग, श्रेणी आधारित भेदभाव न हो तथा देश के मान बिन्दुओं पर गव,ए यहां की भाषा संस्कृति, राष्ट्रीय ध्वज, गान, यहां के कानून, संविधान को मानना हमारा कर्तव्य भी है, परंतु आज नागरिक कर्तव्यों के निर्वाहन मे गिरावट देखी जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमेश नड्डा सेवानिवृत मुख्य पर्यावरण अभियंता पर्यावरण विभाग ने पानी, पॉलीथीन और पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे।

सतलुज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सोहन सिंह ने आये सभी प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया सचिव शांति स्वरूप ने सतलुज सेवा ट्रस्ट के कार्यों का व्योरा सभी के बीच रखा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख सुरजीत ठाकुर, ब्रिगेडियर जगदीश शर्मा, मेजर लेख राम, सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक, मदनकांत, बिजली बोर्ड से सेवानिवृत राम प्रकाश सहित कई हस्तियों इस कई गोष्ठी में भाग लिया।

# ऊना में नव वर्ष पर लगी सेल में उमड़ा जनसैलाब

**रौनक**

**▶▶नववर्ष से पहले ऊना शहर में लगने वाली बंपर सेल को लेकर मुख्य बाजार में खूब रौनक है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** हर वर्ष नववर्ष से पहले ऊना शहर में लगने वाली बंपर सेल को लेकर मुख्य बाजार में खूब रौनक है। तीन दिन चलने वाली इस सेल में सोमवार को जिला मुख्यालय बाजार में सेल के लिए लोगों का भारी जनसैलाब देखने को मिला। हालात यह थी कि मुख्य बाजार में जीवन मार्केट से लेकर रॉटरी चौक तक पैदल चलना तक मुश्किल हो चुका था। इतना ही नहीं सेल के चलते ऊना की मुख्य सडकों पर दिनभर जाम की स्थिती बनी रही। वहीं इस बंपर सेल में जिला सहित दूर पार के लोगों ने जमकर खरीददारी की और व्यापारियों को भी काफी मुनाफा हुआ है। बता दें ऊना शहर में हर नववर्ष पर लगने वाली मेघा सेल की शुरूआत हो चुकी है। यह से एक जनवरी तक चलेगी। जिसमें स्थानीय दुकानदारों के साथ काफी संख्या में बाहरी राज्यों से आए व्यापारी भी स्टॉल लगाकर अपना सामान बेच रहे हैं। हालांकि बाजार में रविवार से ही सेल पर समान बिक रहा है। लेकिन रविवार के चलते बाजार में कम ही ग्राहक खरीददारी करने पहुंचे। वहीं सोमवार को सेल के लिए जिला मुख्यालय के साथ लगते बाजारों में काफी रौनक रही। हजारों की संख्या में जिला सहित दूर पार से लोग इस सेल में खरीददारी करने पहुंचे। हालात यह थे कि जीवन मार्केट से लेकर रॉटरी चौक बाजार में दिनभर सेल सेल की आवाजें गूंजती रहीं और ग्राहकों का आना जाना लगा रहा। इस सेल का असर शहर की सडकों पर भी देखने को मिला। जिसके चलते लोगों को लाइट चौक से लेकर पुरना बस अड्डा चौक तक पैदल गुजरना भी मुश्किल हो चुका था। सेल के कारण सुबह 10 बजे से ही शहर की मुख्य सडकों पर लंबा-लबां जाम लग गया। ऐसे में धर्मशाला मुख्य मार्ग, ऊना हमीरपुर और ऊना नंगल मुख्य मार्ग पर वाहनों को रेंगते हुए शहर क्रॉस करना पड़ा। देर शाम भी मुख्य सडकों पर लंबा जाम देखने को मिला। जिसके चलते एंबुलेंस गाडि ?ों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि पुलिस प्रशासन दिनभर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने में जुटा रहा। वहीं एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि शहर में तीन दिन तक लगने वाली सेल को लेकर पुलिस कर्मचारियों को उचित व्यवस्था बनाने के दिशा निर्देश दिए गए है। साथ ही यातायात को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**कार्यशाला**

**▶▶-लगभग 100 शिक्षकों ने लिया भाग, नवीन शिक्षण विधियों के बारे में दी जानकारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरूआत गायत्री मंत्र द्वारा की गई। इस कार्यशाला में गत आईसीटी और आईडीपी के लगभग 100 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'लेट्स क्रिएट न्यू आइडियाजइ रहा, जिसमें नवाचार और सृजनात्मक को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने नवीन शिक्षण विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाना था। विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान, गतिविधियों और प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यलाया के विशेष समन्वयक सुमन कुंद्रा शिक्षक प्रभारी डीएवी चौंतड़ा खरुरा और हरीश शर्मा शिक्षक प्रभारी डीएवी श्री नैना देवी जी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कार्यशाला युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को पहचानने और उसे व्यावहारिक रूप देने का मौका दिया। इस दो दिवसीय कार्यशाला के समापन पर क्षेत्रीय प्रबंधकीय अधिकारी व डीएवी अंबोटा के प्रधानाचार्य नमित शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, लेट्स क्रिएट न्यू आईडियाज जैसे विषय आज के समय में बेहद प्रासंगिक हैं। यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों को प्रेरित करेगी बल्कि उनके भीतर सृजनात्मक और आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### हरोली रामपुर पुल पर कार ने बाईक को मारी टक्कर, चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला मुख्यालय के साथ लगते रामपुर हरोली पुल के समीप पेश आए दर्दनाक सडक हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान हरोली उपमंडल के रोड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय दर्शन सिंह पुत्र नसीब सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के संबंध में गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है की बाइक पर जा रहे इस व्यक्ति को सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी के चालक द्वारा बुरी तरह कुचला गया। यहां तक की गाड़ी का चालक बाइक सवार को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए साथ ले गया। जानकारी के मुताबिक दर्शन सिंह रविवार देर रात अपनी बाईक पीबी74-1798 पर सवार होकर ऊना से हरोली जा रहा था कि रामपुर हरोली पुलिस पर सामने से आ रही कार पीबी07एएम-2007 ने बाईक को टक्कर मार दी। कार चालक बाईक को करीब 20 मीटर घसीटते हुऐ ले गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दर्शन सिंह को स्थानीय लोगो की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौक पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपित कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसपी सुरेन्द्र शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सपुर्द कर दिया है। अगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### किड्जी स्कूल में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रकिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** किड्जी प्री स्कूल ऊना में नए सत्र को लेकर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। खास बात यह रहेगी कि 10 जनवरी तक 40 सीटों पर प्रवेश को लेकर विशेष छूट दी जा रही है। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य रेणुका ने दी। उन्होंने कहा कि स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्ले-ग्रुप, नर्सरी, जूनियर व सीनियर केजी में लिमिटेड सीट्स उपलब्ध हैं। उन्होंने इच्छुक अभिभावककों से जल्द से जल्द अपने बच्चों का एडमिशन करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि स्कूल का अपना भव्य व सुरक्षित भवन, हरा-भरा खेल मैदान, रोचक खेल सामग्री से युक्त प्लेरूम व आकर्षक क्लास रूमस हैं। रेणुका ने कहा कि स्कूल में वर्षभर के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपने रीति-रिवाजों, धार्मिक त्यौहारों और महत्वपूर्ण दिवसों के बारे में सिखाया जाता है।

### विद्यार्थियों को जीवन में गणित विषय के महत्तव से करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में सोमवार को गणित दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। वहीं सेवानिवृत आचार्य प्रो. बिन्नी ओहरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन गणित क्लब की संयोजक डॉ रंजू बनोता द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने की। इस अवसर पर छात्रों द्वारा गणित विषय में प्रस्तुतीकरण किया गया एवं नाटक के माध्यम से गणित की महत्ता को बताया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. बालकृष्ण शर्मा ने जीवन में गणित का क्या महत्व है के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# समनाल में अज्ञात गाड़ी की टक्कर से बाईक चालक जख्मी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** थाना हरोली के तहत समनाल में एक अज्ञात गाड़ी की टक्कर से बाईक चालक जख्मी हुआ है। हादसे में गंभीर हालत में घायल व्यक्ति को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर को जसवीर सिंह निवासी हरोली अपनी बाईक पर संतोषगढ़ जा रहा था, इस दौरान समनाल गांव में बाईक को पीछे से आ रही एक अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दी और मौक से फरार हो गया। हादसे में जसवीर सिंह को काफी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से जसवीर सिंह को उपचार के लिए ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया था। पुलिस ने अब जसवीर सिंह की शिकायत पर आरोपित अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने जसवीर सिंह की शिकायत के आधार पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज की जांच शुरू करदी गई है।

# विद्यार्थियों ने समझी यूरिया प्लांट की व्यावहारिक प्रकिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य में सोमवार को राजकीय महाविद्यालय हरोली के विद्यार्थियों ने नया नंगल स्थित यूरिया प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रो. गुरबक्श के विद्यार्थियों का मार्गशन किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कंपनी में होने वाली प्रक्रियाओं को व्यावहारिक रूप से दिखाना व उनके ज्ञान में बढ़ोतरी करना था। जिसमें 31 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। भ्रमण के दौरान यूरिया कंपनी के जर्नल मैनेजर राजेश तथा उनकी साथियों ने विद्यार्थियों को यूरिया प्रोसैसिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कंपनी के विभिन्न डिपार्टमेंट का भ्रमण करवाया। इसमें बच्चों को नीम कोटिंग (मैन्युफैक्करिंग प्लांट) तथा बैगिंग प्लांट का भ्रमण करवाया गया। जिसमें छात्रों को सावधानी पूर्वक मशीनों को प्रैक्टिल तौर पर कार्य करते हुए दिखाया गया। इसके साथ अधिकारियों द्वारा एनएफएलमें कैरियर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके पर कॉलेज प्रो. कैप्टन सोनिका सैनी तथा प्रो कल्पना शर्मा मौजूद

# जयराम ठाकुर ने उठाए मुख्यमंत्री के बजट वादों पर सवाल



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए गए वादों पर सवाल उठाए हैं। शिमला से आज जारी एक बयान में जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से पूछा कि पहले बजट में प्रदेश के लोगों से आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने का जो वादा किया गया था, उसका क्या हुआ? क्या प्रदेश में 69 आदर्श संस्थान बन गए हैं और क्या उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो पाई हैं? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने पहले बजट में पृष्ठ संख्या 13, पैरा नंबर 37 में वादा किया था कि उनकी सरकार प्रदेश में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाएगी, जिसमें हर प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि दो साल पहले की गई इस घोषणा के बाद सरकार एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई है। अपने दूसरे बजट में मुख्यमंत्री ने एक और वादा किया था कि प्रदेश के जिला अस्पतालों में चयनित आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंसर डे केयर सेंटर और पल्लेटिव केयर यूनिट्स भी बनाई जाएंगी।

# आज शहर के कुछ भागों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित. रविन्द्र चैधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** सहायक अभियंता विधुत उपमण्डल-2 रविन्द्र चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर 2024 को पेड़ो की काटछांट व लाईनों की आवश्यक मुरम्मत हेतु, रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों थाना सदर तथा अप्पर निहाल व उसके साथ लगते क्षत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अतः उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्तिथि पर निर्भर रहेगा।

# कोलकता जन विज्ञान सम्मेंलन के दोरान हिमाचल मे चलाये जा रहे नशे के खिलाफ युवा बचाओ अभियान व आर्थिक अत्मनिर्भरता के मंडी मॉडल को देश भर में अपनाया जायेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** 18वां अखिल भारतीय जन विज्ञान महासम्मेलन 27-30 दिसम्बर को कोलकाता के पशुपालन एवं मतस्य विश्वविद्यालय मे हुआ। इस महासम्मेलन में देशभर से लगभग 600 प्रतिनिधियों जिसमें वैज्ञानिक, शिक्षाविद, तकनीकीवेता, समाजविज्ञानी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश से भी जन विज्ञान आन्दोलन से जुडी हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति तथा तकनीकी एवं विकास समिति ,संस्थाओं से 18 प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए।

इस महासम्मेलन में चार दिन तक विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में चुनोतियाँ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षा एवं नई शिक्षा नीति, जन स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जलवायु संकट, जेंडर, सामाजिक न्याय एवं युवा, मिडिया एवं जन संचार, सांस्कृतिक विविधता एवं भेदभाव, कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं विकास आदि महत्वपूर्ण विषयों पर 40 से अधिक सेमिनार, संवाद, कार्यशालाएं आदि किए गए जिसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के स्रोत व्यक्तियों जिसमे, प्रो सत्यजीत रथ, आशा मिश्रा,प्रोबिर, डा रघुनंदन, प्रोमिता चक्रवती, टी गंगाधर, ने सम्बोधित किया तथा नवीनतम जानकारी से प्रतिनिधियों को लेस किया गया। हिमाचल से आये प्रतिनिधियों ने भी नशे के खिलाफ युवा बचाओ अभियान, मंडी मॉडल के आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए सतत प्रयास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मुद्दों पर प्रस्तुतिकरण किया जिसमें प्रदेश में जन विज्ञान आन्दोलन के हस्तक्षेप को रेखांकित किया गया। इस महासम्मेलन के अंतिम दिन पश्चिम बंगाल के विकास की स्थिति पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया। महासम्मेलन के समापन पर आम जन मानस तक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को ले जाने का आह्वान किया ताकि जनता के बीच सकारात्मक सोच का विकास करते हुए रूढ़िवादिता एवं समाज को पीछे ले जाने वाली सोच पर चोट करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर एवं प्रदेशों में संगठन की इकाईयों को मजबूत किया जाए। संगठन में बुद्धिजीवियों, प्रोफेशनल सदस्यों, युवाओं व महिलाओं को प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा। आगामी समय में इन मुद्दों पर देशव्यापी अभियान तथा कार्यकताओं की क्षमता विकास के कार्यक्रम शुरू किए जायेंगे।

# ज्ञानम संस्थान की छात्रा ने परीक्षा में सफलता का लहराया परचम

**मेडिकल परीक्षा**

**▶▶ज्ञानम संस्थान हिमफॉक्स एजुकेशन ऊना ने एक और सफलता की कहानी लिखी है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** ज्ञानम संस्थान हिमफॉक्स एजुकेशन ऊना ने एक और सफलता की कहानी लिखी है। हरप्रीत कौर ने पीजीटी मेडिकल की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता व संस्थान का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि इस परीक्षा में पूरे प्रदेश में केवल 9 सीटें थीं, बावजूद इसके हरप्रीत ने यह मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर संस्थान की मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. निमेशिका ने हरप्रीत कौर को टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उनके साथ आए उनके पिता जसवंत सिंह को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर संस्थान ने उनके योगदान को सराहा। हरप्रीत कौर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और संस्थान के समर्पित शिक्षकों को दिया। डॉ. निमेशिका ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अगर हम निरंतर मेहनत करें, तो सफलता अवश्य मिलती है।

उन्होंने यह भी बताया कि ज्ञानम संस्थान में अनुभवी स्टाफ विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। ज्ञानम संस्थान ऊना में एसएसएससी, बैंकिंग, एचएएस, एलाइड, टेट, टीजीटी, पुलिस, पटवारी, आर्मी, अग्निवीर, नवोदय, सैनिक स्कूल और रेलवे जैसी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी करवाई जाती है। डॉ. निमेशिका ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और सरकारी नौकरी पाने का मार्ग प्रशस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। वहीं हरप्रीत कौर की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# परवाणू के निवासी से लाखो की ठगी करने वाले गिरोह का चौथा सदस्य गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**विमल ग्रोवर**

**परवाणूः** परवाणू पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके परवाणू के निवासी से लाखो की ठगी करने वाले एक गिरोह के चौथे सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया है। परवाणू पुलिस ने यह आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार किया है। राजस्थान व गुजरात से चल रहे इस नेटवर्क के जरिए हिमाचल के लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता था। आने वाले समय में इस मामले में और आरोपियों की गिरफ्तारी भी संभावित है। जानकारी के अनुसार एक शिकायतकर्ता निवासी मुम्बई व हाल रिहायश सेक्टर 3 परवाणू तह0 कसौली जिला सोलन हि0प्र0 ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दिनांक 07 अक्टूबर को इन्हें मोबाईल न0 97382-92415 से अजीत राव नामक व्यक्ति की कॉल आई। जिसने इन्हें बतलाया कि इनके आधार कार्ड का उपयोग चीन को पार्सल भेजने के लिये किया गया है, जिसमें अवैध ड्रग्स व कुछ अन्य संदिग्ध सामान शामिल है। पार्सल अब कस्टम विभाग की कस्टडी में है। इसके उपरांत अजित राव ने इस मामले की ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवाने के लिये शिकायतकर्ता की विनय कुमार नामक फर्जी सीबीआई अधिकारी से काल ट्रान्सफर करके बात करवाई। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने इन्हें कहा कि वे इसके आधार नम्बर के गलत इस्तेमाल की जाँच के लिये एजेंसियों को भी शामिल करेंगे। शिकायतकर्ता को बतलाया गया कि इस आधार कार्ड का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग मामले में भी किया गया है। उन्हें यह कहकर डराया गया की 538 करोड़ रु की मनी लांड्रिंग मामले में मुख्य संदिग्ध नरेश गोयल द्वारा केनरा बैंक के मैनेजर के साथ मिलकर इनके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल करके अकाउंट बनाया गया है। इस अकाउंट से 20/22 लाख रु0 की मनी लांड्रिंग की गयी है। आगे की जांच के लिये पैसे भेजने को कहा गया। इन लोगों की धमकी व दबाव के कारण इन्होंने किश्तों में कुल 18.65 लाख रुपए इनके बैंक खाता में ट्रांसफर कर दिए। सभी भुगतानों की रसीदें भी उन्होंने भेजी। इस पूरे प्रकरण के दौरान ये लोग इन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे। यह दिनांक 7 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 की सुबह तक डिजिटल अरेस्ट रहे। आरोपी दिन-रात लगातार इनके साथ व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग पर थे। 10 अक्टूबर को इन लोगों ने इन्हें अपने कार्यालय जाने की अनुमति दी तथा अपनी प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी इन्हें देने को कहा। 14 अक्टूबर को इन्हें बताया गया कि अब वे कोर्ट केस के लिए दिल्ली में ईडी कार्यालय जाएंगे। क्योंकि यह भारत सरकार का हाई प्रोफाइल मामला है। 16 अक्टूबर को इन लोगों ने इन्हें फोन करके बताया कि केस खत्म हो गया है और इन्होंने केस जीत लिया है। जब शिकायतकर्ता ने केस का विवरण मांगा तो उन्होंने कहा कि 10त्न राशि देने के बाद वे इनके सारे पैसे वापिस कर देंगे।

# राजकीय माध्यमिक पाठशाला औहर में एनडीआरएफ इंडिया टीम द्वारा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में एनडीआरएफ इंडिया टीम द्वारा एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया और आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। एनडीआरएफ इंडिया टीम द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें आपदा की स्थिति में कारवाई करने के लिए तैयार करना था। इस अवसर पर इंस्पेक्टर डैनी कुमार अठवल व उनके सहयोगी एनडीआरएफ इंडिया टीम के प्रतिनिधि ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें आपदा की स्थिति में कार्रवाई करने के लिए तैयार करना है। इस प्रशिक्षण सत्र में 225, छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया और उन्हें आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पाठशाला की प्रधानाचार्य सिमरो भटनागर ने आपदा प्रबंधन की टीम का इस महत्वपूर्ण जानकारी को देने के लिए धन्यवाद किया।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी: कृष्ण गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। संगठनात्मक** दृष्टि से पार्टी की मजबूती एवं संगठनात्मक चुनावों को लेकर करनाल भाजपा जिला कार्यालय में कर्ण मंडल करनाल के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कर्ण मंडल की इस संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम करनाल के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं कर्ण मंडल चुनाव प्रभारी कृष्ण गर्ग के अतिरिक्त हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शशि पाल मेहता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रजनी प्रोचा, भाजपा जिला



मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेत्री निर्मला सदर, कर्ण मंडल महामंत्री मुदित आर्यन, अजय कश्यप एवं सुनील ग्रोवर, रमेश मिड्ढा, सुनील मदान, अमित खुराना एवं मंडल सचिव आकाश अरोड़ा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद कृष्ण गर्ग ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने पार्टी को सर्वोच्च बनाने में कार्यकताओं की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि भाजपा की सफलता उनके कार्यकताओं के समर्पण और मेहनत के कारण ही संभव हो पाई है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों की अहमियत लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ें। चुनाव प्रभारी कृष्ण गर्ग ने बताया कि मंडल स्तर के चुनाव की प्रक्रिया फाइनल हो गई है। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक बूथ कमेटियां बना ली जाएंगी। 6 जनवरी से 12 जनवरी तक मंडलों के चुनाव होंगे। कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां परिवारवाद की कोई जगह नहीं है। पार्टी में कार्यकर्ता ही अपनी मेहनत से प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक का सफर तय करते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पार्टी की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग भाजपा परिवार का हिस्सा बनें।

# सीआईए पुलिस में दो युवकों को गांजा सहित गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सीआईए पुलिस** ने गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया है। दोनों से 10 किलो 240 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। सतनाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। महेंद्रगढ़ सीआईए पुलिस टीम 29 दिसंबर शाम नजदीक रेलवे अंडरपास कादमा रोड सतनाली गश्त पर थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी थी सौरभ उर्फ काजलिया उर्फ काजू वासी सतनाली व अमित उर्फ मीतू वासी सिलारपुर गांजा पत्ती बेचने का काम करते हैं। आज वे दोनों कहीं से गांजा पत्ती खरीद कर ला रहे हैं। पत्थर मार्किट कच्चा रास्ता लाईन पार से होते हुए सौरभ के घर सतनाली आएंगे। अगर नाकाबंदी की जाए तो गांजा पत्ती सहित दोनों को गिरफ्तार किया



जा सकता है। पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार कर मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान पर जाकर देखा तो, दो नौजवान लड़के अपने हाथों में बैग लिए प्लांट की चार दिवारी पर बैठकर बीड़ी पीते हुए दिखाई दिए। दोनों लड़कों को काबू कर नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम सौरभ उर्फ काजलिया उर्फ काजू और दूसरे ने अपना नाम अमित रूप मीतू बताया। पुलिस ने दोनों बैगों की तलाशी ली तब सौरभ के बैग से 5 किलो 70 ग्राम गांजा पत्ती व अमित के बैग से 5 किलो 170 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। टोटल 10 किलो 240 ग्राम गांजा पत्ती मिली। सतनाली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# कार्यकारी अभियंता कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया पर रखें पूर्ण निगरानी: वैशाली

**एक्शन मोड**

**नगर निगम व नगर पालिका अधिकारियों तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश जारी किए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छता रैंकिंग** में करनाल को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में लाने के लक्ष्य तथा ठोस अपशिष्ट के निस्तारण को लेकर नगर निगम आयुक्त एक्शन मोड में काम कर रहे हैं। सोमवार को कलस्टर हैड एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इस विषय को लेकर करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक कर नगर निगम व नगर पालिका अधिकारियों तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग को लेकर इस बार 5 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से काम किया जाए, कोई भी बिन्दू छूटना नहीं चाहिए। शहर की सफाई हो सवोच्च प्राथमिकता-उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों तथा नगर पालिका सचिवों से कहा कि कार्यालय आते समय शहर की साफ-सफाई को चेक किया जाए। इसके लिए शहरवासियों से भी बात की जाए, कोई समस्या सामने आए तो उसका समाधान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर से बेहतर किया जाए। कूड़े को पृथक्करण करने पर दिया जोर-हर घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र किया जाए, आज की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने फिर से जोर दिया गया। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह अपनी एक्सपर्ट टीम को फील्ड में रखें, ताकि नागरिकों को अलग-अलग कूड़ा देने के लिए लगातार जागरूक करते रहें। उन्होंने नगर निगम के मोटीवेटरों को भी निर्देश दिए कि वह शहर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को एक मुहिम में लेकर किया जाए, तभी सार्थक परिणाम सामने आएंगे। प्लांट में मेरठ रोड के साथ लगते क्षेत्र में पेड़-पौधे लगाने के भी निर्देश दिए, ताकि प्लांट में हरियाली बनी रहे और आने-जाने वाले लोगों को गंदगी दिखाई न दें। कूड़ा उठान को लेकर टोल फ्री नम्बर पर कर सकते हैं शिकायत-समीक्षा के दौरान उन्होंने जानकारी दी गई कि कूड़ा उठाने को लेकर नागरिक को कोई शिकायत है, तो वह उक्त एजेंसी के टोल फ्री नम्बर-
1800 891 1863 के साथ-साथ नगर निगम के टोल फ्री नम्बर-1800 180 2700 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# व्यवसाय में ईमानदारी की सीख को युवाओं तक पहुंचाने का करेंगे काम : एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वर्ष 2024 में शिक्षा** के मंदिरों में मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने और स्कूल, कॉलेजों में बढ़ रही नशे की प्रवृति के खिलाफ सशक्त अभियान चलाकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर ठोस पॉलिसी की अपील करने वाले एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर कहा है कि वर्ष 2025 में भी ये दोनों अभियान जारी रहेंगे। वर्ष 2025 में सरकार के साथ मिलकर इन दोनों अभियानों को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नवचेतना मंच मिलकर ठोस कदम उठाएंगे। इस संदर्भ में उनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सकारात्मक बातचीत हुई है। इसके अलावा व्यवसाय में ईमानदारी के प्रेरणा स्त्रोत माने जाने वाले स्वर्गीय रतन टाटा के व्यावहारिक जीवन के बारे में स्कूल, कॉलेजो के स्टूडेंटस को जागृत करेंगे, ताकि उनके जीवन में रोजगार के पहलुओं को लेकर नई रोशनी आ सके और वे अपने जीवन में मनचाहे मुकाम हासिल कर सकें। जनवरी 2025 से ही प्रार्थना के समय हम अपने सभी स्कूलों में स्वर्गीय रतन टाटा के जीवन पर प्रतिदिन नई बात कहेंगे, हमारे टीचर्स, प्रबंधक इस व्यवस्था को संभालेंगे। व्यापार जगत में स्वर्गीय रतन टाटा एक ऐसा उदाहरण हैं,जिसकी युगों युगों तक



मिसाल दी जाएगी। एसपी चौहान ने मीडिया के समक्ष कहा कि स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद, गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिद सिंह जी, कबीर साहेब, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबा अंबेडकर साहब, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, शहीदे आजम भगत सिंह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आदि महापुरुषों के जीवन के आदर्शों को वे नवचेतना मंच के माध्यम से नई पीढ़ी के समक्ष रखते आए हैं, इसी कड़ी में आज इस व्यावसायिक युग में ईमानदारी से व्यवसाय के शिखर पर कैसे पहुंचा जा सकता है, ये सब हमें स्वर्गीय रतन टाटा के जीवन से सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि देश की नई पीढ़ी इस बात पर हैरान होती है कि क्या कोई व्यवसाय सच्चाई व ईमानदारी के बल पर भी चल सकता है? नए साल 2025 में हम युवा पीढ़ी को रतन टाटा जी के जीवन के माध्यम से बताएंगे कि वे किस तरह अपने काम के प्रति समर्पित हों, वह कौन सी बुराइयां हैं जो उन्हें आगे बढने से रोकती हैं, किस तरह से सयंमित, अनुशासित रहते हुए रतन टाटा जी ने इतने बड़े इंपायर को खड़ा किया, लाखों लोगों को रोजगार दिया और उनके दुनिया से अलविदा कह देने के बाद भी व्यापार जगत के साथ हर कोई उनसे अपने जीवन में कुछ ना कुछ सीख सकता है। बता दें कि एसपी चौहान के जीवन पर एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन फिल्म भी बनीं थी। ये फिल्म प्रसिद्ध लेखक व सीनियर पत्रकार संदीप साहिल की लिखी बॉयोग्राफी संघर्ष को सलाम पर आधारित थी। आने वाले समय में बच्चों के जीवन को सत्यता की ओर मोडने के लिए टेली फिल्मस बनाने की योजना है। एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन फिल्म अब तक एमोजोन व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर करोड़ों लोग देख चुके हैं।

# सैशन जज चंद्रशेखर ने किया नारी निकेतन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने सोमवार को नारी निकेतन का दौरा किया। यहां उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धानंद बाल आश्रम और एमडीडी बाल भवन पहुंचकर वहां बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

# माही का नेशनल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिये हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जैन गर्ल्स कॉलेज** गनौर की बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा एम डीयू में हुई ट्रॉयल प्रतियोगिता को जीतकर माही ने नैशनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। नैशनल प्रतियोगिता 14 जनवरी को भटींडा में होगी। माही ने बताया कि विश्वविधालय में हुई इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था । कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि माही कॉलेज की एक उभरती हुई



पहलवान है , भविष्य में वह अच्छा प्रदर्शन करेगी । हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गरीबों एवं जरूरतमंदों को बांटे गए शॉल व कंबल, ठंड से बचाव के प्रति किया गया सचेत



**राई। खेवड़ा गांव में स्थित** न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर वर्ष की तरह नए साल के उपलक्ष में सोमवार को दर्जनों जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरण किए गए । स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा व उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी , बेटे पुलकित शर्मा ने जरूरतमंदों को शॉल वितरण करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। स्कूल के शिक्षकों ने ठंड में जरूरतमंद लोगों को साल वितरण करने के कार्य की सराहना की । उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व गरीबों की सेवा पुनीत कार्य है। हर साल वे इस प्रकार के आयोजन कर रहे हैं। जिससे ठंड के मौसम में गरीबों को कुछ हद तक बचाया जा सके। ऐसे गरीब जिनके पास गर्म कपड़े नहीं हैं, उनके लिए ठंड का मौसम आफत बन जाता है।स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य करने से आत्म को संतुष्टि मिलती है, ऐसे में हर धनमान व्यक्ति को अपने हैसियत के हिसाब से आगे आना चाहिए, इससे बड़ी सेवा कुछ नहीं हो सकती। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे ।

### श्री कृष्ण प्रणामी गऊशाला के वार्षिकोत्सव पर 1 जनवरी को विशाल रागनी कंपटीशन होगा

**गन्नौर । श्री कृष्ण प्रणामी** गऊशाला सेवा समिति गढ़ी केसरी, गन्नौर का 16वाँ वार्षिकोत्सव 1 जनवरी को मनाया जाएगा। यह जानकारी गो ऋषि व संस्थापक श्याम दास जी महाराज व प्रधान सतपाल शर्मा ने दी । उन्होंने बताया कि गऊशाला के वार्षिकोत्सव व नव वर्ष के आगमन पर गऊशाला सेवा समिति विशाल रागनी कम्पीटिशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मशहूर कलाकार पैप्सी शर्मा, दीपा चौधरी, उमा शंकर, पूजा राव, केशव गोविन्द, अभिषेक आदि द्वारा विशाल रागनी कम्पीटिशन होगा ।

### दिनेश अदलखा की वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला 3 को

**गन्नौर । नगरपालिका के वाइस** चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला 3 जनवरी होगा। वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास को लेकर बैठक 3 जनवरी को एसडीएम गन्नौर मनीष कुमार फौगाट की अध्यक्षता में नगरपालिका के सभागार में होगी। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पार्षदों की वोटिंग होगी। इस संबंध में एसडीएम कार्यालय द्वारा सभी पार्षदों को लिखित में सूचना भी दे दी गई है। इससे पहले 13 दिसंबर को बैठक में एसडीएम ने पार्षदों द्वारा अविश्वास को लेकर सौंपे गए शपथ पत्र वेरिफाई किए गए थे। शपथ पत्र वेरिफाई होने के बाद 3 जनवरी को वोटिंग होगी। जिसके बाद दिनेश अदलखा की वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर फैसला हो जाएगा। बता दें कि नगर पालिका के वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ 17 में से 13 पार्षदों ने उपायुक्त को 20 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

### भाजपा ने व्यवस्था परिवर्तन का किया कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल के कार्यकाल में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। आज आमजन सरकारी योजनाओं का लाभ घर बैठे उठा रहे हैं। प्रदेशभर में अंत्योदय की भावना से कार्य हो रहा है।

# गांव बसई के केतन ने जीता गोल्ड मेडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बसई निवासी** केतन तंवर ने तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में भारत सम्राट नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है केतन के पिता संजय तंवर बसई ने बताया कि हाल ही में 29 दिसंबर को तालकटोरा स्टेडियम में भारत सम्राट नेशनल टाइकमांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में प्लस 20 आयु वर्ग में केतंन तवर ने भारत सम्राट नेशनल में (टाइटल बेल्ट) से एक पॉइंट कम रह गए हैं, भारत सम्राट गोल्ड मेडल ही प्राप्त कर पाए। संजय तंवर ने बताया कि 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दिल्ली ओपन प्रतियोगिता ताईकमांडो में नॉर्थ दिल्ली की तरफ से खेलते हुए केतन ने गोल्ड मेडल जीता था। दूसरा थर्ड (एकलव्य कप) ओपन नेशनल ताइक्वांडो 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक हरिद्वार में नेशनल प्रतियोगिता में दिल्ली की तरफ से गोल्ड मेडल जीता है और अब हाल ही में 29 दिसंबर तालकटोरा स्टेडियम भारत सम्राट नेशनल ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल प्राप्त किया हैं।

# वेतन को लेकर कचरा बीनने वाले कर्मचारियों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में शेखपुरा** के नजदीक डंपिंग यार्ड में कचरा बीनने वाले कर्मचारी धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों को तीन महीने की सैलरी नहीं मिली है। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला कर्मचारी ने पति के इलाज के लिए ठेकेदार से पैसे मांगे तो उसे बोल दिया कि पति को जहर का इंजेक्शन दे दो। कर्मचारियों में रोष है और काम बंद करके वह धरने पर बैठ गए और कचरा लेकर पहुंचने वाली गाडि?ों को भी एंट्री प्वाइंट पर रोक लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं



मिलता, वे काम शुरू नहीं करेंगे। पैसे देने के नाम पर ठेकेदार भाग गया है, जिससे कर्मचारियों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। कर्मचारी सुधीर ने बताया कि ठेकेदार को लाखों रुपए का ठेका दिया है। हम करीब 11-12 कर्मचारी हैं, जो डंपिंग यार्ड में कचरा बीनने का काम करते हैं। करनाल और घरौंडा से डंपिंग यार्ड में टिप्पर के मार्फत कचरा लाया जाता है, उनको अंदर नहीं जाने देंगे। तीन माह से सैलरी नहीं मिल रही है, कर्मचारी परेशान हैं। ठेकेदार के खिलाफ लेबर कोर्ट में शिकायत की गई थी। उसने बताया कि एक महिला कर्मचारी के पति का पैर टूट गया। उसके इलाज के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। महिला ने ठेकेदार से पैसे मांगे तो उसने ऐसा जवाब दिया कि महिला उसका मुंह देखती रह गई। महिला ने कहा कि ठेकेदार मेरे पैसे नहीं दे रहा। मैंने कहा कि मेरे पति का पैर टूटा हुआ है, पैसे दे दो। ठेकेदार रिहान ने कहा कि पति को जहर का इंजेक्शन लगा दो, मर जाएगा। महिला कर्मचारी सुमन ने बताया कि हमारे घर में तीन लोग कमाने वाले हैं और तीनों ही यहीं पर काम करते हैं, लेकिन किसी की भी सैलरी नहीं मिली। मकान का किराया नहीं दे पा रहे, राशन वाले के पैसे नहीं दे पा रहे, राशन वाले ने सामान देना बंद कर दिया। लोगों से उधार मांग कर काम चला रहे थे।

# विधायक राणा ने पार्षदों व नपा अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक योगेन्द्र राणा** ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में पार्षदों व नगरपालिका अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में हल्के से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाए। बैठक में विधायक योगेन्द्र राणा ने विकास कार्यों, शहर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व नालों की मरम्मत के कार्य मुख्य रहे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि असंध



विधानसभा में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य पर विशेष फोकस किया जाए। सभी कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने शहर की सीवरेज समस्या के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। इसके साथ-साथ शहर में सफाई भी सही तरीके से की जाए। उन्होंने जींद चौक स्थित फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सालवन रोड पर अधूरे पड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के कार्यों में तेजी लाकर जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नाइट स्वीपिंग को लेकर टेंडर किया जाए। यदि नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है तो उसे भी बढ़ाया जाएगा।

**निर्देश**

**सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाए**

बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने वार्डों से जुड़ी लिखित डिमांड विधायक को दी।

विधायक ने जल्द पार्षदों की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार, एमई अशोक कुमार, कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढीगरा, पूर्व चेयरमैन दीपक छाबडा सहित सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे।

# बैठक में मंडल अध्यक्ष के चुनावी प्रक्रिया से करवाया अवगत



**गन्नौर । भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने विधानसभा के गांव ठरु उल्देपुर मे राजपुर मण्डल की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित किया। नेहरा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार मण्डल अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई है । इसके तहत सर्वप्रथम प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय सदस्य बनाने हैं । उन्हीं मे से बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति करनी है। उसके बाद मण्डल अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी । राजपुर मण्डल मे 54 बूथ है , बूथ अध्यक्ष के चुनाव के समय 30 बूथ अध्यक्षों की उपस्थित रहना आवश्यक है।

## संपादकीय

# कांग्रेस पर भारी पड़ेगी स्मारक पर ओछी राजनीति

**पूर्व प्रधानमंत्री** डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की आयु में दुखद निधन हो गया। सामान्यतः ऐसे समय में परिजनों और नजदीकी लोगों की प्राथमिकता होती है कि मृतक को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जाए। इस सामान्य शिष्टाचार और नैतिकता को दरकिनार कर कांग्रेस और उसके कई सहयोगी दलों ने मनमोहन सिह के स्मारक को लेकर राजनीति शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जवाब देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता सरकार पर डॉ. मनमोहन सिंह के अपमान के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो सोशल मीडिया पर इसे सिखों के अपमान से जोड़ दिया। इस तरह एक बार फिर स्तरहीन राजनीति करके कांग्रेस ने कई पुरानी घटनाओं की याद ताजा कर दी है। अगर सियासी नजरिए से देखा जाए तो इसका भी कांग्रेस को कोई लाभ अपेक्षा नुकसान होने की संभावना ज्यादा दिख रही है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं में शोक से ज्यादा आक्रामकता का भाव दिखाई दे रहा है। उनके निधन के तुरन्त बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना के किनारे जगह देने और उनका समाधि स्थल बनाने के मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष को बता दिया था कि वे चाहते हैं कि डॉ. मनमोहन सिह जी का स्मारक बनाया जाए लेकिन इसके लिए भूमि के आवंटन और ट्रस्ट बनाने आदि की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसलिए पहले उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया जाए। मल्लिकार्जुन खड़गे उनकी बात से सहमत हो गए इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पर आरोप लगाने का कोई भी अवसर न छोड़ने की जिद ठाने बैठे नेता इस दुखद घटना का राजनैतिक लाभ उठाने के प्रयास में जुट गए। ऐसा लगता है कि हमारे देश के कुछ नेता प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला, महिलाओं से बलात्कार और यहां तक कि अपने नेता के निधन को भी राजनैतिक अवसर के तौर पर देखने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि जगह की कमी को देखते हुए दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के अलग-अलग स्मारक बनाने पर मनमोहन सिंह की सरकार ने ही रोक रोक लगाई थी, इस पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। दरअसल 16 मई 2013 को शहरी विकास मंत्रालय की ओर से एक नोट जारी किया गया था। इस नोट में कहा गया था कि संप्रग सरकार की केबिनेट ने जगह की कमी को देखते हुए राजघाट पर राष्ट्रीय स्मृति स्थलह्ण के नाम से साझा स्मारक स्थल बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान किया है। उन्होंने इसे सिख धर्म से जोड़ते हुए यहां तक कहा कि वह देश के पहले सिख प्रधानमंत्री थे। लेकिन इन दोनों ही विषयों को उठाकर राहुल गांधी ने एक बार फिर खुद को कटघरे में खड़ा कर लिया है।

# हिन्दू समाज के स्थायी जागरण की आवश्यकता

डा. निशा शर्मा

"इतिहास साक्षी है जिस जाति ,देश ने अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर उसका अनुसरण नहीं किया वे इस संसार से सदा के लिए विलुप्त हो गए या यूं कहिये उन्होंने अपनी पहचान खो दी परन्तु कुछ ऐसे उदाहरण भी हमारे सामने है जिस समाज अथवा जाति ने अपनी उपस्थिति की निरंतरता बनाए रखी और विश्व में उसका आज भी एक अलग स्थान है` इंग्लॅण्ड, जर्मनी और इजराइल जैसे देशो के उदाहरण हमारे सामने हैं जहाँ के जनमानस में सामर्थ्य का जागरण उनके पालन पोषण के साथ ही किया जाता है वह नाटको, सिनेमा,शिक्षा आदि सभी माध्यमो से एक ही प्रकार का संस्कार बालको में डाला जाता है और वह है आवश्यकता पड़ने पर अपने देश,राष्ट्र के लिए तैयार रहना देशभक्ति के इस उत्कृष्ट संस्कार के कारण ही इन देशो ने अपनी आंतरिक शक्ति को आज तक बनाये रखा है"

**हिन्दू** समाज की अपनी एक दैवीय विशेषता है जिस कारण सृष्टि के प्रारंभ से ही उसने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है` जब संसार के अन्य भागों में बोलने योग्य भाषा तक का आविष्कार नहीं हुआ था तब भारत में ऋग्वेद जैसा ज्ञान भण्डार अवतीर्ण हो चुका था

धर्म, आध्यात्म,विज्ञान,स्वास्थ्य, युद्ध, संगीत, भूगोल, खगोल आदि का ज्ञान इस महान हिन्दू जाति ने तब आविष्कृत कर दिया था जब पृथ्वी पर साधनों का पूर्ण अभाव था` जरा सोचिये स्रष्टि के आदिकाल में तब वह मस्तिष्क कितना सक्षम रहा होगा` अपने इन दैवीय गुणों के कारण ही हिन्दू समाज ने समस्त भूमंडल पर एकछत्र राज्य किया और चक्रवर्ती सम्राट कहलाये` इन भारतीय सम्राटों ने शासन सदैव ही परमार्थ की भावना के साथ किया जो ज्ञान का भण्डार उनके पास था उनका वितरण करने के लिए यहाँ के लोग सुदूर देशों को जाते थे तब वहां की जनता उनको देवदूत के रूप में पूजती थी और सम्पूर्ण संसार में उनका सम्मान होता था` यही आर्य साम्राज्य था जहाँ लोकसेवा ही शासन का आधार होता था।

राम ने जब रावण का संहार किया तो उसकी सोने की लंका से लोहे की एक कील तक वे अयोध्या नहीं लाये और साथ ही विभीषण को सोने की लंका जस की तस सौप दी` ऐसा लोकहित से प्रेरित था अपना आर्य साम्राज्य` हमारी ये भारतभूमि , स्वर्णभूमि कहलाती थी उसका गौरव सर्वोपरि था और उस गौरव का मूल कारण था आर्यों के जातीय गुण` अपने इन गुणों की विशेषताओं के कारण ही उन्होंने सम्पन्नता प्राप्त की थी` जगतगुरु और चक्रवर्ती शासक के रूप में संसार का आत्मिक और भौतिक नेतृत्व करने का गौरव प्राप्त किया था` वसुदैव कुटुम्बकम की अवधारणा और सद्चरित्र जीवन जैसी प्रमुख विशेषताओं के कारण हिन्दू धर्म विश्व के अन्य सभी धर्मों के साथ श्रेष्ठता रखता है` भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के विचारक इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि हिन्दू जीवन पद्धति ही जीवन की श्रेष्ठता को प्राप्त करने का सरल और सुगम मार्ग है` फेसबुक



संस्थापक मार्क जुकरवर्ग ( अमेरिका ) जो आज तकनीक के क्षेत्र में प्रेरणादायी हैं , भारत को ही ज्ञान का मंदिर मानते हैं`

हमारी हिन्दू संस्कृति की यशोगाथा के अनेक उदाहरण हमारे समक्ष हैं , हमारे इतिहास का हर एक पन्ना अनुपम रत्नों से जगमगा रहा है` हमारी प्राचीन गौरव गरिमा आज एक चुनौती के रूप में हमारे सामने खड़ी है परतु खेद का विषय है कि हमने आज इस गरिमा को गवा दिया है और अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए संघर्षरत हैं` अपने प्राचीन गौरव को खोकर पिछले एक हजार वर्षो में मुट्ठी भर विदेशियों और विधर्मियों द्वारा हमें पीड़ित होना पड़ा` मुगल काल में बड़ी संख्या में मंदिरों को ध्वस्त किया गया` काशी, मथुरा, अयोध्या आदि स्थान इसके प्रमाण हैं` परन्तु इन सभी का कारन आक्रमणकारियों की बलवान सेना नहीं बल्कि हिन्दू समाज की भीतरी दुर्बलता थी` हमारी कमजोरियां ही उन्हें मजबूत बनाती चली गयीं और हम गुलामी की जंजीरों में फसते चले गए।

इतिहास साक्षी है जिस जाति ,देश ने अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर उसका अनुसरण नहीं किया वे इस संसार से सदा के लिए विलुप्त हो गए या यूं कहिये उन्होंने अपनी पहचान खो दी परन्तु कुछ ऐसे उदाहरण भी हमारे सामने है जिस समाज अथवा जाति ने अपनी उपस्थिति की निरंतरता बनाए रखी और विश्व में उसका आज भी एक अलग स्थान है` इंग्लॅण्ड, जर्मनी और इजराइल जैसे देशो के उदाहरण हमारे सामने हैं जहाँ के जनमानस में सामर्थ्य का जागरण उनके पालन पोषण के साथ ही किया जाता है

वह नाटको, सिनेमा,शिक्षा आदि सभी माध्यमो से एक ही प्रकार का संस्कार बालको में डाला जाता है और वह है आवश्यकता पड़ने पर अपने देश,राष्ट्र के लिए तैयार रहना` देशभक्ति के इस उत्कृष्ट संस्कार के कारण ही इन देशो ने अपनी आंतरिक शक्ति को आज तक बनाये रखा है परन्तु वर्तमान में जब हम अपने हिन्दू समाज की चर्चा करते हैं इस स्थायी जागरण रुपी संस्कार से हम खुद को कोसों दूर खड़ा पाते हैं और इस कारण हम दो मत नहीं हो सकते कि हमने अपने प्राचीन गौरव को अपनी निर्बलताओं के कारण ही खोया है और लम्बे समय से उस खोये गौरव को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं` आज भले ही हमारे देश में शासन सत्ता हिन्दू हित का विचार करने वाली है परन्तु इस परिवर्तन से यह अंदाजा नहीं लगा लेना चाहिए कि हमने उचित जातीय बल प्राप्त कर लिया है` अभी इसमें भारी कमी है` आज बाग्ला देश के हिन्दू समाज की स्थति किसी से छिपी नहीं है और बांग्ला देश ही क्यों अपने देश में पश्चिम बंगाल, केरल सहित अन्य कई राज्य है जहाँ का हिन्दू समाज प्रताड़ित है` यहाँ भी इन परिस्थितियों का कारण विधर्मियो की सम्पन्नता नहीं बल्कि हमारे अपने समाज की भीतरी दुर्बलता है` कमी है हिन्दू समाज के स्वभाविक जन जागरण की और जब तक ये जागरण प्रत्येक हिन्दू के अंदर स्थायी रूप से नहीं होगा , परिस्थितियां बदलने वाली नहीं।

यदि हमें अपने खोये गौरव को प्राप्त करने के साथ हिन्दू समाज का महिमा मंडन यथावत रखना है साथ ही अपने प्राणों की रक्षा भी करनी है तो सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एक साथ खड़े होकर आगे आना होगा। हिन्दू समाज को ये समझना होगा कि अब चेतना के युग का आरम्भ हो चुका है , इस संस्कृति-बेला में हमें एक समाज बनकर एक सन्देश विधार्मियो को देना ही होगा। महर्षि मनु के प्रसिद्ध श्लोक ह्लधर्मकोशस्य गुप्तेय्ह्ण अर्थात धर्म रुपी खजाने की रक्षा के लिए ही हिन्दू का जन्म हुआ है` इस विचार को प्रत्येक हिन्दू को अपने व्यवहार में लाना होगा ` स्वामी विवेकानंद जी ने अपने वक्तव्य में कहा है ये आवश्यक नहीं कि हिन्दू समाज के सभी लोग हिन्दू धर्म में विशवास करें ही लेकिन यदि हम हिन्दू समाज के जातीय जीवन को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो हमें धर्म की रक्षा के लिए सचेष्ट होना ही पड़ेगा ( स्वामी विवेकनदः हे !भारत उठो,जागो )तभी अपूर्व महिमा से मंडित भावी भारत का निर्माण होगा।

अपने समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि हमारी याददाश्त बहुत कमजोर होती है और इसी कारण अपने ऊपर हुए हमलो और संघर्षों को हम भुला देते हैं` इसी कारण हिन्दू समाज को पुनःपुनः जगाने के प्रयास किया जाता है।

उनको विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से, धार्मिक यात्रा , अनुष्ठान , गोष्ठिया आदि कई प्रकार से हिन्दू समाज के जागरूक लोग ही अपनों को जगाने का प्रयास करते है , खुशी इस बात की है हिन्दू जागता तो है परन्तु खेद का विषय है कि वह जागरण स्थायी नहीं रह पाता` जिस दिन सुप्त हिन्दू चेतना का स्थायी पुनर्जागरण हो जाएगा हिन्दू समाज पूर्व की भाति चकवर्ती सम्राट बन सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर भारत को विश्व गुरु की उपाधि दिलवायेगा।

## कविता

नए साल का सूर्योदय,
खुशियों के लिए उजाले हो॥

पल-पल खेल निराले हो,
आँखों में सपने पाले हो।
नए साल का सूर्योदय यह,
खुशियों के लिए उजाले हो॥

मानवता का संदेश फैलाते,
मस्जिद और शिवाले हो।
नीर प्रेम का भरा हो सब में,
ऐसे सब के प्याले हो॥

होली जैसे रंग हो बिखरे,
दीपों की बारात सजी हो,
अंधियारे का नाम ना हो,
सबके पास उजाले हो॥

हो श्रद्धा और विश्वास सभी में,
नैतिक मूल्य पाले हो।
संस्कृति का करे सब पूजन,
संस्कारों के रखवाले हो॥

चौराहें न लुटे अस्मत,
दुः शासन न फिर बढ़ पाए,
भूख, गरीबी, आतंक मिटे,
न देश में धंधे काले हो॥

सच्चाई को मिले आजादी,
लगे झूठ पर ताले हो।
तन को कपड़ा, सिर को साया,
सबके पास निवाले हो॥

प्रियंका
---------

## 2025 में आखिर कैसा रहेगा राजनीतिक मतभेदों का पारा?

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**वर्ष 2025** चुनावों से परे देखने का एक अवसर प्रदान करता है। 2024 में, भारत, में राजनीति ने आश्चर्यजनक मोड़ लिया। ये घटनाक्रम कुछ जगहों पर अभूतपूर्व थे, दूसरों में तेज या अप्रत्याशित थे। इसने दिखा दिया कि भारतीय राजनीति में अब क्षेत्रीय दलों की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में ये दल राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में चुनावों से परे देखने का मौका मिलेगा। यह शायद ऐसा साल होगा जिसमें शासन केंद्र में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह था कि लोग संयम के साथ निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जानबूझकर जनादेश को गलत तरीके से पढ़ने का विकल्प चुना है। उनकी राजनीतिक स्थिति सख्त हो गई है और उन्होंने अपनी कटु प्रतिद्वंद्विता को रोजमर्रा की राजनीति, संसद और उससे परे तक ले गए हैं।

संसद में घिनौना हंगामा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से दुश्मनी और बढ़ेगी। हालात सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने राजनीतिक और वैचारिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही संवाद और बातचीत के लिए कोई बीच का रास्ता निकालना होगा। ऐसा लगता नहीं है कि मंदिर और मस्जिद पर राजनीति 2025 में खत्म हो जाएगी। 10 मस्जिदों / मजारों से जुड़ी कम से कम 18 याचिकाएँ इस समय अदालतों में लंबित हैं। मुस्लिम स्थलों पर हिंदू अधिकारों का दावा करने वाले नए मुकदमों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश में दायर किए गए हैं। विधानसभा चुनाव अभी दो साल से ज्यादा दूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य अभी से गरमाने लगा है।

2025 में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख राजनीतिक ब्रांडों-नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी के लिए एक परीक्षा होंगे। अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव ब्रांड नीतीश के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जिनका राजनीतिक निधन एक से ज्यादा बार लिखा जा चुका है। चुनाव में तेजस्वी यादव की राजनीतिक क्षमता का भी परीक्षण होगा, जो लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2013 से दिल्ली में सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल आप को लगातार तीसरी बार सत्ता में ला पाएंगे? आज, केजरीवाल की छवि और उनकी राजनीति का ब्रांड दोनों ही दांव पर हैं। प्रधानमंत्री की ब्रांड वैल्यू भी बिहार और दिल्ली दोनों में परखी जाएगी। 2014 से तीन बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ढाई दशक से अधिक समय से दिल्ली में राजनीतिक रूप से निर्जन है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक-जिसे अब संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है-भाजपा की इस बात की परीक्षा लेगा कि वह इस मामले में अपनी बात मनवा पाती या नहीं। पिछले 10 वर्षों में, भाजपा विवादास्पद कानून पारित करवाने में सफल रही है।

## विचार

# नया साल : नई शुरूआत का सुनहरा अवसर

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**हम सब** यह अच्छी तरह जानते हैं कि पूरी दुनिया में नए साल का जश्न बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने जीवन की सामान्य गतिविधियों को कुछ समय के लिए रोक कर अपना ध्यान उन कार्यों की ओर करते हैं जिनसे हमें लगता है कि हमें खुशी मिलेगी। यह ऐसा समय भी होता है जब हम बीते हुए साल को पीछे छोड़ते हैं और आने वाले नए साल का स्वागत बड़ी खुशी से करते हैं। यदि हम अपने पिछले वर्ष पर एक नजर डालकर देखें तो हम पाएंगे कि बीते वर्ष में ऐसे बहुत से समय हमारे जीवन में आए होंगे, जब हमने अपने ईश्वर की कृपा को अनुभव किया होगा। ठीक इसके विपरीत हमारे जीवन में कई बार ऐसे भी मौके आए होंगे, जब हम कठिनाईयों या दुःख-दर्द के समय से भी गुजरे होंगे। ऐसे समय में हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हर गुलाब में कांटे भी होते हैं, वे भी अपनी भूमिका निभाते हैं और उनका भी अपना महत्त्व है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन में सुख और दुःख दोनों आते हैं। यदि हम इन बातों पर विचार करेंगे तो हम देखेंगे कि हम हरेक परिस्थिति में शांत व सुखी रहेंगे।

नया साल सिर्फ बाहरी तौर पर खुशियाँ मनाने का समय नहीं है बल्कि यह हमें अपने जीवन में सुधार लाने का एक सुनहारा अवसर भी प्रदान करता है। हम देखते हैं कि नये साल पर बहुत से लोग बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को ढालने का भी संकल्प लेते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है जब वे स्वयं में सुधार लाने का प्रयत्न करते हैं। कई लोग धूम्रपान न करने का प्रण लेते हैं जबकि बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो क्रोध न करने, सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने और दूसरों की मदद करने की प्रतिज्ञा लेते हैं। बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो दूसरे विद्यार्थियों की तुलना में अपनी पढ़ाई में बेहतर से बेहतर करने का संकल्प लेते हैं। अगर ध्यान से देखा जाए तो हर कोई अपने-अपने स्तर पर अपने जीवन में कुछ अच्छा करने का प्रयत्न करता है।

नये साल के इस मौके पर बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो यह प्रार्थना करते हैं कि नए साल में हम ज्यादा से ज्यादा आध्यात्मिक विकास करेंगे। यदि हम भी नये साल पर आध्यात्मिक रूप से प्रगति करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अपनी दिनचर्या को बड़ी ही गहराई से देखना होगा। ऐसे में हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि हम कोई भी ऐसा कार्य न करें जो हमको इस उद्देश्य से दूर करे। आध्यात्मिक रूप से तरक्की करने के लिए हमें ध्यान-अभ्यास को अपने जीवन में ढालना होगा। इसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण संत से ध्यान-अभ्यास करने की विधि सीखनी होगी। जब हम अपनी दिनचर्या में ध्यान-अभ्यास को शामिल करते हैं तो हम अपने अंतर में प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव होता है। इसके अलावा हमें यह भी अनुभव हो जाता है कि प्रभु की जो ज्योति मुझे जान दे रही है, वही दूसरे लोगों में भी है। तो फिर हमें इस बात का पक्का विश्वास हो जाता है कि हम सब एक ही पिता-परमेश्वर की संतान हैं।

यह नये साल पर हमें यह भी समझना चाहिए कि हम जो भी प्रयास करें चाहे वह कितना भी कम क्यों न हो, हम जो भी कदम उठाएं चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, वो हमें हमारे लक्ष्य के करीब लाता है। नये साल पर हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि अतीत हमारा चाहे कैसा भी हो लेकिन हमारा भविष्य हमेशा बेदाग रहे।

हम अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें, इसके लिए आध्यात्मिक मार्ग ही हमें मददगार साबित हो सकता है।

तो आईये! हम भी नये साल पर आध्यात्मिक प्रगति करने का संकल्प लें क्योंकि हमारी आध्यात्मिक सेहत पर ही हमारी शारीरिक व मानसिक सेहत निर्भर करती है। यदि हम आध्यात्मिक रास्ते पर चलने का प्रण करते हैं तो हम देखेंगे कि इससे न सिर्फ हमारी आध्यात्मिक बल्कि शारीरिक व मानसिक सेहत भी ठीक रहेगी।

नए साल के इस अवसर पर हम अपनी गलतियों की ओर ध्यान न दें और एक आशावादी दिल के साथ एक नए साल की शुरूआत करें। आप सभी को जीवन में सफलता के लिए नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नए साल की चुनौतियां और हमारी जिम्मेदारी

**विवेक रंजन**

**नया साल** प्रारंभ हो रहा है । आज जन मानस के जीवन में मोबाईल इस कदर समा गया है कि अब साल बदलने पर कागज के कैलेंडर बदलते कहां हैं ? अब साल , दिन ,महीने , तारीखें, समय सब कुछ टच स्क्रीन में कैद हाथों में सुलभ है । वैसे भी अंतर ही क्या होता है , बीतते साल की आखिरी तारीख और नए साल के पहले दिन में , आम लोगों की जिंदगी तो वैसी ही बनी रहती है । हां दुनियां भर में नए साल के स्वागत में जश्न , रोशनी , आतिशबाजी जरूर होती है । लोग नए संकल्प लेते तो हैं , पर निभा कहां पाते हैं? कारपोरेट जगत में गिफ्ट का आदान प्रदान होता है,डायरी ली दी जाती है,पर सच यह है कि अब भला डायरी लिखता कौन है ? सब कुछ तो मोबाइल के नोटपैड में सिमट गया है। देश का संविधान भी सुलभ है , गूगल से फरमाइश तो करें । समझना है कि संविधान में केवल अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी तो दर्ज हैं। लोकतंत्र के नाम पर आज स्वतंत्रता को स्वच्छंद स्वरूप में बदल दिया गया है। इधर मंच से स्त्री सम्मान की बातें होती हैं उधर भीड़ में कुत्सित लोलुप दृष्टि मौका मिलते ही चीर हरण से बाज नहीं आती। स्त्री समानता और फैशन के नाम पर स्त्रियां स्वयं फिल्मी संस्कृति अपनाकर संस्कारों का उपहास करने में पीछे नहीं मिलती। देश का जन गण मन तो वह है , जहां फारूख रामायणी अपनी शेरो शायरी के साथ राम कथा कहते हैं। जहां मुरारी बापू के साथ ओस्मान मीर , गणेश और शिव वंदना गाते हैं। पर धर्म के नाम पर वोट के ध्रुवीकरण की राजनीति ने तिरंगे के नीचे भी जातिगत आंकड़े की भीड़ जमा कर रखी है । इस समय में जब हम सब मोबाइल हो ही गए हैं, तो आओ नए साल के अवसर पर टच करें हौले से अपने मन,अपने बिसर रहे संबंध ,और अपडेट करें एक हंसती सेल्फी अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर नए साल में, मन में स्व के साथ समाज वाले भाव भरे सूर्योदय के साथ। यह शाश्वत सत्य है कि भीड़ का चेहरा नहीं होता पर चेहरे ही लोकतंत्र की शक्तिशाली भीड़ बनते हैं । सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर सेल्फी के चेहरों वाली संयमित एक दिशा में चलने वाली भीड़ बहुत ताकतवर होती है।

## यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**भारत के** लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान-पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है।

इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## न्यूज फ्लैश

### मंदिर पर कब्जे को लेकर दो गुटों में मारपीट, पांच घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना अंब के तहत सूरी में मंदिर पर कब्जे को लेकर दो गुटों में मारपीट होने का मामला सामने आया है। इस मारपीट में पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पहले पक्ष से सूरी पंचायत व मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया रविवार को वह अपने दो साथियों रजिन्द्र कुमार व जगदेव सिंह के साथ गेट बन्द करके मंदिर में बैठे हुए थे तभी पुलिस के दो अधिकारी उनकी शिकायत पर छानवीन करने आये। उसने उनके लिये जैसे ही मंदिर का गेट खोला तभी उनके पीछे से प्रताप सिंह, भवानी सिंह, शेर सिंह, शवीना देवी, मिल्खी राम, लाज बन्ती, रणजीत सिंह, चंचला देवी, रजिन्द्र कुमार, गुरदयाल सिंह, चैन सिंह, विटल कुमार, साली ग्राम, शमशेर सिंह, सन्त राम, रणजीत सिंह, सनी कुमार, सुमन देवी, बिट्टू उस वक्त मन्दिर के अन्दर आए और उसके ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान उसका बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी व बेटे के साथ-साथ इन लोगों ने पुलिस पर भी हमला बोल दिया, जिसमें वह, उसकी पत्नी और उसका बेटा घायल हो गए। कुलदीप ने बताया कि यह लोग उसे व उसके परिवार को मारने की धमकी भी देते है। आये दिन मन्दिर पर जबरन कब्जा करने के लिये मारपीट करते है। उसने पुलिस से उसके परिवार को सुरक्षा एवम न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रताप सिंह निवासी सूरी बताया कि हर रोज की तरह जब वह रविवार को मंदिर में माथा टेकने पहुंचा तभी कुलदीप कुमार, अविनाश कुमार, अंजना कुमारी, दलजीत सिंह, विनोद कुमार, मनोज शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सोमा देवी, जगदेव सिंह, जोगिन्द्र सिंह, मनोज कुमार , अजय कुमार, अनुराधा, अंजना कुमारी, शाम ठाकुर, समित ठाकुर, मनीष राणा, अमन ठाकुर, संजीव कुमार, मीना कुमारी, केसरी देवी, जरनैल सिंह, कमलेश कुमारी, आशा कुमारी ने उसके साथ मारपीट की। उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घायल हुए पांच लोगों का मेडिकल करवाने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### उमरे झांसी-2024 : बेहद खास रहा वर्ष, ये हैं मंडल की दस प्रमुख उपलब्धियां

**झांसी/टीम एक्शन इंडिया**

वर्ष 2024 उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के लिए बेहद सफल रहा। बीते वर्ष में झांसी रेल मंडल के नाम कई उपलब्धियां रही। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में लगातार प्रगति करते हुए कई नए मुकाम हासिल किए। मंडल झांसी के लिए प्रमुख दस उपलब्धियां इस प्रकार हैं-

61 किमी ट्रैक पर तीसरी लाइन व 48 किमी का दोहरीकरण

वर्ष 2024 में झांसी मंडल में रेल ट्रैक के दोहरीकरण और ट्रिपल लाइन के काम पर जोर दिया गया। इस वर्ष में 48 किलोमीटर की रेल ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। 61 किलोमीटर के रेल ट्रैक पर तीसरी लाइन का काम सम्पन्न किया गया। इसी क्रम में 13 किलोमीटर के रेल ट्रैक पर आमान परिवर्तन (गेज कन्वर्जन) कार्य भी किया गया।

**65 किमी पर ऑटोमेटिक सिग्नल**

झांसी मंडल को वर्ष 2024 में पहला स्वचालित ब्लॉक सेक्शन मिला। 02 फरवरी 2024 को करारी से चिरूला के मध्य स्वचालित ब्लॉक सेक्शन को कमीशन किया गया। कुल 65 किलोमीटर पर ऑटोमैटिक सिग्नल का कार्य संपन्न किया गया।

**27 समपार फाटक हुए बंद**

सुरक्षा और संरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए झांसी रेल मंडल द्वारा इस वर्ष 27 समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग) को बंद किया गया। इससे यात्रा ज्यादा सुगम और सुरक्षित हो गई है।

**23 लेवल क्रॉसिंग पर इंटरलॉकिंग**

वर्ष 2024 में झांसी रेल मंडल के 23 लेवल क्रॉसिंग पर इंटरलॉकिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। इससे रेल संरक्षा और सुरक्षा में बढ़ोत्तरी हुई है।

**ट्रेन की स्पीड 110 किमी से बढ़कर हुई 130 किमी**

झांसी रेल मंडल में तीसरी लाइन के निर्माण से ट्रेन की गति में भी बढ़ावा हुआ है।

तीसरी लाइन के निर्माण से ट्रेन की स्पीड 110किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 130 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई है।

# अप्रैल, 2025 से बीपीएल परिवारों की सूची में संशोधन की प्रक्रिया शुरू होगी: मुख्यमंत्री

**समीक्षा बैठक**

**मुख्यमंत्री ने आज यहां ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की**



**चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में अप्रैल, 2025 में बीपीएल परिवारों की सूची में संशोधन की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीपीएल सूची में केवल पात्र परिवारों को ही सम्मिलित करना सुनिश्चित किया जाए तथा इस संबंध में नए मापदंड तैयार किए जाएं। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि इन मापदंडों को 5 जनवरी, 2025 से पहले तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा इसके उपरान्त, इस संबंध में मंत्रिमंडल से स्वीकृति ली जाएगी। नए दिशा-निर्देशों को जनवरी, 2025 में होने वाली ग्रामसभा में आम जनता के साथ साझा किया जाएगा।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामसभा द्वारा अनुशंसित बीपीएल परिवारों की सूचियों का सत्यापन करने के लिए उप-मंडल स्तर पर उप-मंडलाधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी की दो सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए ताकि पूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। उन्होंने पात्र बीपीएल परिवारों की पहचान करने के लिए एक मजबूत तंत्र बनाने पर बल दिया ताकि इन परिवारों को लाभ से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बीपीएल परिवारों के चयन के लिए वार्षिक आय में संशोधन पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीपीएल परिवारों की अंतिम सूची से संबंधित कोई भी आपत्ति संबंधित उपायुक्त और मंडलायुक्त को प्रस्तुत की जा सकती है, उनके पास इन शिकायतों की समीक्षा और समाधान करने का अधिकार होगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शन और होम डिलीवरी के लिए एक वेबसाइट भी शुरू की जाएगी।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजेश शर्मा, निदेशक राघव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हिंडन नदी का जल स्तर बढ़ने से हजारों बीघा फसल जलमग्न

**बागपत/टीम एक्शन इंडिया**

गंगनहर से छोड़े गए पानी से बागपत की खेकड़ा तहसील क्षेत्र में फसल पानी में डूब गई है। सोमवार को एसडीएम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया है। किसानों से की वार्ता की है। आर्थिक मदद का भरोसा दिया गया है।

गंग नहर से हिंडन नदी में पानी छोड़े जाने के कारण पानी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया, जिससे खेकड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम सफार्बाद और ललियाना में किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं है। किसानों की हजारों बीघा खेती पानी मे डूब गई है। किसानों ने बताया कि इस मौसम में हिंडन नदी में आमतौर पर पानी नहीं आता, लेकिन गंगनहर से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति खराब हो गयी। गेहूं से लेकर सरसों,



आलू, गन्ना, सब्जी की सभी फसले पानी मे डूब गई है। फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि यह स्थिति लगभग 40-50 वर्षों में पहली बार देखने को मिली है। जल स्तर से हुई परेसानी को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने खेकड़ा एसडीएम को मौका मुआयना करने के निर्देश दिए ।

## जालौन के शिक्षक विपिन अयोध्या महोत्सव में सम्मानित

**जालौन/टीम एक्शन इंडिया**

धर्म नगरी अयोध्या में 'अयोध्या महोत्सव' का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश भर के शिक्षकों के साथ बॉलीवुड के विभिन्न कलाकार अल्ताफ राजा आदि कलाकारों ने अपना जादू बिखेरा।



स्वयंसेवी संस्था एडूस्टफ एवं अयोध्या महोत्सव के समन्वय से आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह में जनपद जालौन से प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा के शिक्षक विपिन उपाध्याय को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव एवं एडु स्टफ की संस्थापिका प्रीति श्रीवास्तव ने राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय को ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा एवं शिक्षा की नवीन चेतना प्रसारित करने के लिए सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। जिसके लिए विद्यालय के छात्रों और प्रधानाध्यापक बालकृष्ण, श्याम, सविता कुशवाहा, अनु गुप्ता ने विपिन उपाध्याय को बधाई दी।

## यूपी के 12 जिलों में भाजपा के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी ने काफी जद्दोजहद ?के बीच देर रात उत्तर प्रदेश के 12 से अधिक जिलों के मण्डल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। वैसे अध्यक्षों के चयन में भाजपा ने सामाजिक समीकरण का ध्यान रखते हुए युवाओं व महिलाओं को प्राथमिकता दी है। समाचार लिखे जाने तक जौनपुर, अमेठी, सोनभद्र, भदोही, गोण्डा, बलरामपुर, हरदोई, नोएडा महानगर, गाजियाबाद, बलिया, संत तकबीरनगर और बस्ती जिले के मण्डल अध्यक्षों की सूची जारी हो चुकी है।

सबसे बड़ी पार्टी और सरकार में होने के कारण भाजपा में कार्यकताओं की बड़ी फौज है। ऐसे में कार्यकताओं का समायोजन करना बड़ी चुनौती है।

## नव वर्ष पर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के दिए निर्देश

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आंग्ल नव वर्ष को लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश दिए है कि अपने-अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करें। शराब पीकर वाहन चलाने और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए चौराहों पर चेकिंग लगायी जाए।

डीजीपी ने कहा कि नर्व वर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसंबर और एक जनवरी 2025 को लेकर होटलों, क्लब, बार और अन्य स्थानों पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उनके आसपास और प्रमुख बाजारों में समूचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।



वरिष्ठ अधिकारी पीएसी, पुलिस फोर्स के साथ गशत किया जाए। महिलाओं के आवागमन मार्गों पर पुलिस पेट्रोलिंग की जाए। सादी वर्दी में महिला और पुरूष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाएं। नव वर्ष पर श्रद्धालू भारी संख्या में धार्मिक स्थलों पर आते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाये। सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए।

## दशाश्वमेध थाने में फरियादी महिला से अभद्रता के आरोपी एसएचओ लाइन हाजिर

**जांच शुरू**

**–थाने में महिला मोबाइल चोरी की शिकायत लेकर गई थी,विभागीय जांच भी शुरू**



**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**

दशाश्वमेध थाने में फरियादी महिला के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपित थाना प्रभारी प्रमोद कुमार को पुलिस कमिश्नर ने लाइन हाजिर कर दिया। पूरे मामले की खुद जांच कर पुलिस कमिश्नर ने यह कार्यवाही की। थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नर ने पर्यटक थाना के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद को दशाश्वमेध थाने की भी जिम्मेदारी दी है।

दशाश्वमेध सहित नगर के अन्य थानों में फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार की सूचनाएं मिलने पर पुलिस कमिश्नर ने खुद एक महिला को दशाश्वमेध थाने पर मोबाइल चोरी की घटना का रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भेजा। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने महिला की रिपोर्ट लिखने के बजाय उसके साथ अभद्रता से बातचीत कर थाने से भगा दिया। इस बात की जानकारी पुलिस कमिश्नर को मिली तो उन्होंने रविवार की देर रात पुलिस लाइंस सभागार में समीक्षा बैठक बुलाई । जिसमें सभी थाना प्रभारी,थानाध्यक्ष,चौकी इंचार्ज शामिल हुए। बैठक में पुलिस कमिश्नर ने प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध प्रमोद पाण्डेय को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कमिश्नर ने अफसरों से सख्ती से कहा कि महिला अपराधों में शामिल छेड़खानी, अपहरण, बलात्कार और गुमशुदगी पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई नहीं करने वाले थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अब सीधे निलंबित किए जाएंगे। वहीं,नगर के सड़कों से जाम और अतिक्रमण हटाने में असफल थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी भी अपने पदों पर नहीं रहेंगे। ऐसे लापरवाहों की तत्काल पुलिस लाइन में आमद कराई जाएगी। बैठक में उन्होंने महाकुंभ, त्रिनेत्र, पर्यटन की बिंदुवार समीक्षा की। सभी थानेदारों और चौकी इंचार्ज को दो टूक निर्देश दिया कि शहर की प्रमुख सड़कें पूरी तरह से खाली और अतिक्रमण मुक्त करें। सड़कों और फुटपाथ पर दुकान, वाहन समेत किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डीसीपी और एसीपी ट्रैफिक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और अधिक जाम लगने वाले क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर समायोजन करें। उन्होंने कहा कि यातायात प्रवाह को बेहतर करने के लिए ऑप्शनल रूट या बाईपास की व्यवस्था करें, जिससे मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम हो सके।

## श्री दूधेश्वर नाथ महादेव महाकुंभ शिविर 5 जनवरी से शुरू होगा: श्रीमहंत नारायण



**महाकुंभ नगर/टीम एक्शन इंडिया**

प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश से संतों व भक्तों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। इन संतों व भक्तों की सेवा के लिए गाजियाबाद के विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर की ओर से 5 जनवरी से शिविर शुरू होगी। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के पावन सानिध्य में यह शिविर लगाया जायेगा।मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि श्री दूधेश्वर नाथ महादेव महाकुंभ शिविर 5 जनवरी से सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में शुरू होगा और 5 फरवरी तक चलेगा। शिविर में संतों व भक्तों के लिए भोजन प्रसादम, चिकित्सा आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रोजाना भंडारे का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर धर्म, आध्यात्म, भारतीय संस्कृति की अखंड ज्योति जलाने के साथ समाज सेवा के कार्यों में भी हमेशा आगे रहता है। मंदिर में जरूरतमदों के लिए भंडारे के साथ ही गरम कपड़ों आदि का वितरण किया जाता है

## महाकुंभ क्षेत्र में पहुंचे सबसे कम लम्बाई वाले संत गंगापुरी

**महाकुंभ नगर/टीम एक्शन इंडिया**

संगम की रेती पर 13 जनवरी से शुरू होने वाले सनातन धर्म के सबसे आयोजन महाकुंभ क्षेत्र में अखाड़ों के आगमन के साथ ही सबसे कम हाईट वाले संन्यासी गोपाल गिरी उपाख्य गंगापुरी भी पहुंचे गए हैं।

उल्लेखनीय है कि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस महापर्व की शान अखाड़ों के छावनी प्रवेश होते ही नागा संन्यासियों, संतों का संसार कुंभ मेला क्षेत्र में नजर आने लगा है। अखाड़ों से जुड़े नागा साधु संन्यासी अघोरी अब कुंभ नगरी पहुंचने लगे हैं और साधु संतों के अलग-अलग रंग नजर आने लगे हैं। इन्हीं साधु संतों के बीच सबसे कम लम्बाई के बाबा कुंभ मेला पहुंचे हैं। कुंभ मेला में कोई बाबा 7 फुट हाइट का है तो कोई पांच,कोई चार फीट के हैं, लेकिन बाबा गंगापुरी जिनकी हाईट महज 3 फुट 8 इंच है।

## हाथरस सड़क हादसे में एक युवक की मौत, कई घायल

**हाथरस/टीम एक्शन इंडिया**

जनपद में आज सुबह राज्यमार्ग स्थित बस स्टैंड के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, कुछ लोग घायल है, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब चार बजे के आसपास बालू से लदा डंपर आगरा से अलीगढ़ की तरफ जा रहा था। वहीं हाइवे पर बने बस स्टैंड पर एक रोडवेज बस यात्रियों को उतार रही थी। बस को बचाने के चक्कर में तेज



रफ्तार डंपर हाईवे पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए जन सुविधा केंद्र में जा घुसा। इस दौरान अलीगढ़ की ओर से आ रही दूध से लदी मैक्स लोडर डंपर के पिछले हिस्से में घुस गई। इससे मैक्स सवार सहपऊ निवासी भूपेंद्र कुमार की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, एसडीएम संजय कुमार, सीओ हिमांशु माथुर, प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राघव ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मजदूरों को बुलाकर वेल्डिंग मशीन की मदद से मैक्स लोडर की केबिन को काटकर मृतक के शव और घायल लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा एक व्यक्ति भी लोडर की चपेट में आकर घायल हो गया है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। कुछ गंभीर घायलों को उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हाईवे से दूर कराकर आवागमन सुचारू कराया।

## गाजियाबाद पुलिस की अपराधियों के साथ मुठभेड़, दो गौकश व मोबाइल लुटेरा घायल

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट का अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान जारी है। रविवार रात को पुलिस ने टीलामोड़ व ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो गौकश समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार लोगों में एक गौकश संभल तथा दूसरा गौकश मुरादाबाद का रहने वाला है। इन्होंने पिछले दिनों टीला मोर थाना क्षेत्र के काका फार्म हाउस के पास गौकशी करने की घटना कबूल की है।

खास बात यह है कि गौकशों के कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, मय खोखा व घटना में प्रयुक्त एक होंडा सिटी गाड़ी तथा



गाड़ी की डिग्गी से गौकशी में प्रयुक्त होने वाले औजार व पशु बांधने की रस्सी बरामद हुए हैं। पिछले तीन दिनों की बात करें तो गाजियाबाद पुलिस अलग-अलग मुद्दों में कुल आठ अपराधियों को लंगड़ा कर चुकी है, जबकि कुल 10 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है।

एसीपी सलोनी अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि कीड़ा टीला मोर पुलिस फरुखनगर रोड पीपल तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक होंडा सिटी गाड़ी टीला मोड की तरफ से तेजी से आती दिखाई दी, जिसको रोकने का इशारा किया गया तो कार सवार युवक पुलिस पार्टी को देखकर गाड़ी को तेजी से बाएं तरफ राजपुर गांव की तरफ मुड़कर भागने लगे। संदिग्ध कार का पीछा करने पर कार सवारों ने राजपुर ग्राम की तरफ गाड़ी मोड़ कर भागने के कारण गाड़ी पेड़ से टकरा गई। युवकों ने पुलिस पार्टी को पीछे से आता देख पुलिस को निशाना बनाकर फायर किया, जिसमें आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायर किए गए।, जिससे दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए एवं दोनों घायल बदमाशों उपचार के लिए 50 सैया हॉस्पिटल लोनी भेजा गया ।पूछताछ में एक ने अपना नाम अदनान उर्फ भूरा निवासी हातिम सराय थाना नखाशा जनपद संभल व दूसरे ने अपना नाम सावेज निवासी पीपलसाना थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद बताया। गिरफ्तार अदनाद पर पशु क्रूरता और एनडीपीएस से सम्बन्धित आधा दर्जन अभियोग व सावेज पर पशु क्रूरता सम्बन्धित 01 अभियोग पंजीकृत है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

उधर एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र से मोबाइल लूट करने वाले बाइक सवार अपराधी से हुई मुठभेड़ के दौरान आमिर निवासी अशोक विहार लोनी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान वह पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

उसके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल व घटना में प्रयुक्त पल्सर एनएस 160 बाइक एवं अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

## मंडल अध्यक्षों की सूची में एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ता प्रशांत ने बनाई जगह

**नींव**

**पार्टी के कर्ताधताओं ने इस युवा चेहरे को मुख्यधारा में लाकर भविष्य की नींव रखी है**

**बलिया/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। रविवार देरशाम जिला चुनाव अधिकारी महेश चंद द्वारा जारी की गई सूची में कई ऐसे नाम हैं जिनकी सराहना भाजपा के आम कार्यकर्ता भी कर रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख नाम



सोहांव मंडल अध्यक्ष बनाए गए प्रशांत कुमार राय बंटी का है। प्रशांत कुमार राय पहली बार भाजपा के मुख्य संगठन में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। इसके पहले वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय टीडी कालेज में छात्रसंघ का चुनाव दमदारी से लड़ चुके हैं। प्रशांत ने एबीवीपी में काफी समय तक कार्यरत रहते हुए अपनी छाप छोड़ी। जिसका नतीजा है कि पार्टी के कर्ताधताओं ने इस युवा चेहरे को मुख्यधारा में लाकर भविष्य की नींव रखी है। प्रशांत को सोशल मीडिया के जरिए खूब बधाइयां मिल रही हैं। वहीं, पार्टी ने फेफना विधानसभा क्षेत्र के सोहांव से प्रशांत राय, सागरपाली से आर्केश दूबे व गड़वार मंडल से उमेश सिंह को अध्यक्ष बनाकर सामाजिक समीकरण भी साधने के प्रयास किया है।




## फास्ट न्यूज

### बांकुड़ा में पकड़ी गई बाघिन जीनत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** ओडिशा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व से पश्चिम बंगाल पहुंची बाघिन जीनत, बांकुड़ा जिले में पकड़ी गई है। ये फिलहाल कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर के पशु चिकित्सा अस्पताल में है। अधिकारियों ने बताया कि जीनत स्वस्थ है और उसकी देखभाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में की जा रही है। पश्चिम बंगाल के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी कि तीन वर्षीय बाघिन को रविवार दोपहर बेहोश करने वाले इंजेक्शन के जरिए पकड़ा गया। उसे रात के समय बांकुड़ा से कोलकाता लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर उसकी स्वास्थ्य जांच की गई। सोमवार सुबह तीन पशु चिकित्सकों और चिड़ियाघर कर्मियों ने दोबारा उसका परीक्षण किया।

### बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे रामदेव

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वे आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे।

# सुविधा और सुरक्षा पर डबल इंजन सरकार का फोकस

## मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग होंगे एंट्री और एग्जिट के रास्ते

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर:** महाकुम्भ 2025 को लेकर प्रयागराज रेल मण्डल ने अपनी लगभग सभी तरह की प्लानिंग और तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही मुख्य स्नान पर्वों जैसे मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट के प्लान तैयार कर लिए गए हैं। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को किसी तरह की अफरा-तफरी और समस्याओं




से बचाने के लिए एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। मालूम हो कि अनुमान के मुताबिक महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं में से लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु ट्रेन से प्रयागराज आएंगे। महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रयागराज रेल मण्डल अनुमान के

**योजना**

**▸▸ 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है**

हिसाब से महाकुम्भ के दौरान 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है।

**सभी स्टेशनों पर अलग-अलग एंट्री और एग्जिट की व्यवस्था**

महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्वों पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट प्लान के बारे में जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज जंक्शन में एंट्री या प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा और एक्जिट सिविल लाइंस साइड की ओर से ही होगा।

अनारक्षित यात्रियों कों दिशावार, उनके गन्तव्य स्टेशन के हिसाब से यात्री आश्रय स्थलों के माध्यम से सही ट्रेन और उसके प्लेटफॉर्म की ओर ले जाया जाएगा।

# कमलनाथ ने किसानों से अवैध वसूली के आरोपों को लेकर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल। मध्य प्रदेश** में सोयाबीन बेचने के लिए खरीदी केंद्रों पर पहुंचने वाले किसानों से नाफेड सर्वेयरों द्वारा 400 रुपये की अवैध वसूली के आरोप के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मोहन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की है कि पूरे प्रदेश में एमएसपी पर सोयाबीन की खरीद व्यवस्था की विस्तृत जांच कराएं और किसानों का सोयाबीन सही कीमत पर बिना भ्रष्टाचार के बेचना तय कराएं। कमलनाथ ने सोमवार को अखबार में छपी एक खबर के हवाले से अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि प्रदेश के सोयाबीन किसान एक बार फिर से भ्रष्टाचार का शिकार बन रहे हैं। सोयाबीन की सरकारी खरीद में हर बोरे पर 400 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप अत्यंत गंभीर है। इसी भ्रष्टाचार का नतीजा है कि प्रदेश में तय सीमा से आधा सोयाबीन ही एमएसपी पर खरीदा जा सका है। पूर्व सीएम ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश के किसान के दर्द को इसी बात से समझा जा सकता है कि कभी तो उसे सही समय पर खाद नहीं मिलता, उसके बाद नकली बीज उसे परेशान करते हैं।

# शीतलहर से बचाव में धामी ने बढ़ाई तत्परता

**बचाव**

**▸▸ सड़कों पर यातायात बाधित न हो, आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखंड में शीतलहर से बचाव के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शीतलहर से बचाव के लिए जरूरी उपायों की निर्देशित किया ताकि आम जनता और विशेष रूप से जरूरतमंदों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए रेन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और इनका समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा जरूरतमंदों को कंबल, दस्ताने, मौजे और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। शीतलहर के दौरान अलाव की व्यवस्था की गई है, इसके बारे में लोगों को सूचित किया जाए ताकि वे ठंड से बच सकें। मुख्यमंत्री ने बर्फबारी के कारण सड़कों पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा।

# मप्र के थाने में युवक की आत्महत्या मामले ने पकड़ा तूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**देवास:** मध्य प्रदेश के देवास जिले में दो दिन पहले एक युवक के सतवास पुलिस थाने में आत्महत्या करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस इस मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। रविवार को कांग्रेस ने दिनभर विरोध प्रदर्शन करने के बाद अब पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी भाजपा पर पर निशाना साथा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया



के माध्यम से उन्होंने कहा कि देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, जो दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय है। इस मामले में राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा, "एक तरफ मध्य प्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, दूसरी तरफ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनों घटनाएं दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# पर्यटन स्थल ब्रह्मताल व भेकलताल पर्यटकों से हुआ गुलजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर: बर्फबारी के बाद** चमोली जिले के देवाल विकास खंड के पर्यटन स्थल ब्रह्मताल, भेकलताल, झंडीटैप, लोहाजंग इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। नया वर्ष सेलिब्रेट करने के लिए यहां पर्यटकों का जमवाडा लगने लगा है। लगातार पर्यटकों का आवाजाही का सिलसिला जारी है। जिससे क्षेत्र के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे है। भेकलताल, मानेश्वर महादेव गुफा, देवाल, ग्वालदम को पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों की पहली पसंद माना जाता है।

**नजीर** उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए "वन टाइम रजिस्ट्रेशन" की सुविधा

# उद्योग और रोजगार के नए युग की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है और इसके लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। योगी सरकार ने न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में बल्कि श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में भी व्यापक बदलाव किए हैं, बल्कि प्रदेश को व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य भी बनाया है।



**औद्योगिक सुधार और रोजगार नीति से प्रदेश में बना अनुकूल वातावरण**

योगी सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत व्यापारियों और उद्यमियों को अनेक प्रक्रियाओं से मुक्त किया गया है। महिला श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। पॉटरी, कारपेट, पीतल, और ताला उद्योग में महिला श्रमिकों को रोजगार के विशेष अवसर दिए गए हैं। इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। आईटी और वस्त्र उद्योगों में कामकाजी घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 किया गया है।

**भागीदारी**

**▸▸ इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है**

